सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का प्रथम दैनिक अखबार

डाक पंजीयन क्रमांक 058/RAIGARH DN CG/2023-2025

CHHHIN/2018/78362

एक सकारात्मक विचार

दैनिक

# सारंगढ़ टाईम्स

वर्षः- 08 / अंकः 278 | सारंगढ़, बुधवार 25 मार्च 2026 | Email - sarangarhtimes@gmail.com | मूल्य :- 3/- पृष्ठ-8




**सारंगढ़ टाईम्स न्यूज/सारंगढ़**

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के लिये अति महत्वपूर्ण रायपुर-सारंगढ़-झारसुगड़ा रेल लाईन को पूरा करने की मांग को लेकर राज्यसभा सासंद राजीव शुक्ला ने सदन में गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ 310 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को पूरा करने की मांग को रखा। उन्होने 15 वर्ष पूर्व किया गया सर्वेक्षण की बात को सामने रखते हुए कहा कि यह परियोजना सिर्फ फाईलो में ही कैद होकर रह गई है। उन्होने चुटकी लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में रेल परियोजना पहले आयेगी या चुनाव पहल आयेगी? यह देखना दिलचस्प होगा।

2010 में रायपुर-सारंगढ़-झारसुगड़ा के लिये 310 किलोमीटर लंबी रेल लाईन का सर्वे का कार्य रेल्वे के द्वारा कराया गया था तथा बाद मे इसका प्राक्कलन तैयार किया गया जिसमें अनुमानित व्यय इसके लिये 2163 करोड़ रूपये का आंका गया था। 2016 में इस परियोजना के लिये डीपीआर तैयार करने के लिये 463 लाख रूपये का टेंड़र भी जारी किया गया था किन्तु इसके बाद से यह परियोजना फाईलो में ही कैद होकर रह गई। 2023 जुलाई में तात्कालिन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से सारंगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर इस परियोजना को पूर्ण करने की मांग किया था किन्तु व्यय राशी 8 हजार करोड़ रूपये होने की संभावना को देखते हुए इसके लिये प्रयास करने की संभावना रेल मंत्री के द्वारा दिया गया था। वही दिसंबर 2023 में विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ में भाजपा की सरकार तथा 2024 में केन्द्र में भाजपा के सरकार के पुनः वापसी होने के बाद भी डबल इंजन सरकार में रायपुर-सारंगढ़-झारसुगड़ा रेल लाईन पर किसी ने ध्यान ही नही दिया। रायगढ़ लोकसभा के सांसद राधेश्याम राठिया तथा जांजगीर लोकसभा के सांसद कमलेश जांगड़े द्वारा भी इस मामले को संसद में उठाना तक मुनासिब नही समझा गया। ऐसे में आज राज्यसभा में दिग्गज नेता तथा छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला के द्वारा प्रबलता के साथ रेल मंत्री से रायपुर-सारंगढ़-झारसुगड़ा रेल लाईन को पूरा करने की मांग से एक उम्मीद की किरण दिख रही है। कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का जिक्र करते हुए कहा कि यह जिला विकास से दूर है तथा रायपुर-सारंगढ़-झारसुगड़ा रेल लाईन यहा पर विकास के लिये मिल का पत्थर साबित हो सकता है। उन्होने कहा कि 2010 में इस रेल मार्ग का सर्वे किया गया था तथा 310 किलोमीटर लंबी इस रेल लाईन का खर्च 2163 करोड़ रूपये आंका गया था। किन्तु 15 बरस बीतने के बाद भी यह रेल परियोजना फाईला से बाहर नही आ पा रही है। उन्होने चुटकी लेते हुए कहा कि देखना यह दिलचस्प होगा कि सारंगढ़ रेल लाईन पहले आयेगी या राज्य में चुनाव पहले आयेगा। उन्होने रेल मंत्री से मांग किया गया है छत्तीसगढ़ और उड़ीसा को जोड़ने वाली इस प्रमुख रेल मार्ग से सारंगढ़-बिलाईगढ जिले की तस्वीर बदल सकती है। सर्वाधिक धान उत्पादक वाले जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के किसानो को भी इस रेल लाईन से व्यापारिक फायदा मिल सकता है। वही छत्तीसगढ़ और उड़ीसा को जोड़ने वाली इस प्रमुख रेल लाईन सिर्फ रेल लाईन नही बल्कि दोनो राज्यो के सांस्कृतिक और पारंपरिक संबंध को भी जोड़गी। उन्होने सदन में मांग किया कि विकास के लिये किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव नही किया जाना चाहिये और मंत्री जी से अनुरोध है कि रायपुर-सारंगढ़-झारसुगड़ा रेल लाईन के लिये भेदभाव नही किया जाना चाहिये और इसका दुबारा सर्वेक्षण कराकर इसे पूरा कराया जाये।

## सारंगढ़ को उपेक्षित रख रही है विष्णु सरकार?

सारंगढ़ के क्षेत्रीय सांसद होने के बाद भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सारंगढ़ के साथ उपेक्षित व्यवहार कर रही है। रायपुर-सारंगढ़-झारसुगड़ा रेल लाईन को पूरा कराने के लिये मुख्यमंत्री श्री साय ने कभी पहल नही किया। केन्द्रीय रेल मंत्री से मुलाकात और मांग में भी मुख्यमंत्री श्री साय ने कभी सारंगढ़ रेल लाईन का मुद्दा को सामने नही रखा जिससे साफ प्रतीत हो रहा है कि सारंगढ़ रेल लाईन को लेकर प्रदेश के मुखिया गंभीर नही है। लोकसभा के सांसद रहते समय स्वयं विष्णुदेव साय ने इस रेल परियोजना के लिये डीपीआर जारी कराने मे रूचि लिया था और 2016 में इस परियोजना को लेकर सक्रियता दिखाई थी किन्तु अब जब श्री साय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बन गये है तब भी इस रेल परियोजना को पूरा करने के लिये कोई रूचि तक नही दिखा रहे है। जिससे साफ प्रतीत हो रहा है कि सारंगढ़ के साथ विष्णु सरकार उपेक्षित और गैर जवाबदार रवैया अपना रहे है।

## रेल लाईन के मुद्दे पर जिले के दोनो सांसद लापता?

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला दो लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर रहा है। सारंगढ़ विधानसभा रायगढ़ लोकसभा के अर्न्तगत आता है और बिलाईगढ़ विधानसभा जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में आता है। रायगढ़ लोकसभा के सांसद राधेश्याम राठिया और जांजगीर लोकसभा के सांसद कमलेश जांगड़े है और दोनो भाजपा के सांसद है। प्रदेश में सरकार भाजपा की है और केन्द्र में सरकार भाजपा की है ऐसे मे दोनो सांसद इस रेल परियोजना को पूरा करने की मांग प्रबलता के साथ रखकर इसे पूरा कराने मे अपनी सक्रियता दिखा सकते थे किन्तु सारंगढ़ रेल लाईन के मामले में दोनो सांसदो की रहस्यमय चुप्पी भाजपा के उपेक्षित रवैये को सामने ला रही है।

# नाबालिग के साथ बर्बरता मामलाः जिला अस्पताल पहुंचे मंत्री टंकराम वर्मा

## पीड़ित बच्चे का जाना हालचाल, दोषियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश



**बलौदाबाजार।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा आज बलौदाबाजार जिला अस्पताल पहुंचे और गार्ड द्वारा मारपीट में गंभीर रूप से घायल बालक का हालचाल जाना। उन्होंने परिवार से बातचीत कर ढांढस बंधाया और डॉक्टर को बालक के अच्छे से इलाज करने के निर्देश दिए।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि एक छोटे से बच्चे को सीमेंट संयंत्र के गार्ड द्वारा उठा उठाकर पटकने का वीडियो वायरल हुआ था। इस घटना में बालक घायल है। उसका इलाज जिला चिकित्सालय में जारी है। अभी उससे बातचीत कर हालचाल पूछा हूं, स्थिति पहले से बेहतर है। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से सीमेंट संयंत्र प्रबंधन को भी निर्देश दिया गया है।

बता दें कि बलौदाबाजार जिले के रवान स्थित सीमेंट फैक्ट्री में 12 वर्षीय बालक के साथ कथित बर्बर मारपीट की घटना सामने आई थी। एक नाबालिग आम तोड़ने के लिए फैक्ट्री परिसर की दीवार पर चढ़ गया था। इसी दौरान सुरक्षा गार्डो ने उसे अंदर बुलाया और चोरी का आरोप लगाते हुए बेरहमी से मारपीट की थी। घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी गार्ड को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य दो की तलाश जारी है। संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही फैक्ट्री प्रबंधन से भी जवाब मांगा गया है।

# राशन कार्ड धारियों को राशन न देकर की धोखाधड़ी, स्व. सहायता समुह की महिलाओ पर अपराध दर्ज

**सारंगढ़ टाईम्स/न्यूज**




**सरायपाली।** सरायपाली के ग्राम कुटेला में शासकीय उचित मूल्य दूकान में राशन कार्ड धारियों को राशन न देकर उसे बहार बेचे जाने के मामले में खाद्य निरीक्षक द्वारा जाँच कार्रवाई कर स्व. सहायता समूह की महिलाओं पर अपराध दर्ज कराया है। यह कार्रवाई संचालक, संचालनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नवा रायपुर से प्राप्त पत्र के आधार की गई है, ग्रामीणों की शिकायत थी कि शासकीय उचित मूल्य दूकान कुटेला में हितग्राहियों को समय पर एवं नियमित राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है.

शिकायत की जाँच कार्यवाही में पाया कि 31 मार्च 2025 की स्थिति में चांवल 49.82 क्विंटल, नमक 3.51 क्विंटल, शक्कर 3.41 क्विंटल इ पास में प्रदर्शित मात्रा से कम पाया गया एवं जाँच दिनांक तक कुल चांवल 130.52 क्विंटल कीमती 5,43,323 रुपये, शक्कर 3.51 क्विंटल कीमती 13757, नमक 3.41 क्विंटल कीमती 4137 कुल राशि 5,61,217 रू. पांच लाख इकसठ हज़ार दो सौ सत्रह रूपये की कमी पायी गयी. साथ ही दूकान संचालकों द्वारा हितग्राहियों को समय पर एवं नियमित राशन का वितरण नहीं किया जा रहा था।बताया गया कि राशन कार्ड धारियों को राशन न देकर धोखाधडी करते हुए राशन की बिक्री बाहरी व्यक्तियों को बेईमानी पूर्वक अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा रहा था. दोषी पाए जाने पर ग्राम इस दूकान का संचालन माह सित. 2023 से माँ संतोषी महिला स्व. सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है जिसकी अध्यक्ष सेत कुमारी चौहान एवं सचिव माधुरी चौहन को लागत राशि की भरपाई हेतु नोटिस एवं स्मरण पत्र दिया गया था परन्तु इनके द्वारा राशी का भुगतान विभाग को नहीं किया गया.

ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के आधार पर पुनः दिनांक 23 जनवरी 26 को दूकान का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें पूर्व में पायी गयी राशन की कमी की स्तिथि और बढ़ी हुयी थी. जिसपर दुकान संचालिका सेत कुमारी चौहान, माधुरी चौहान के विरुद्ध यह सिद्ध हुआ कि उक्त समूह के द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनिमितता की गई है एवं उक्त कृत्य के द्वारा शासन को आर्थिक हानि पहुंचाई है तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में व्यवधान उत्पन्न किया है.

उक्त कृत्य में संतोषी महिला स्व सहायता समूह लुकापारा की अध्यक्ष एवं सचिव दोनो सम्मिलित हैं, जिनपर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7, भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 3(5) एवं 316(5) दर्ज किया गया है।

# सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष और वार्ड 3 पार्षद पद के उपचुनाव के लिये बजने वाली है बिगुल

- मतदाता सूची तैयार करने के लिये रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति,
- सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष और वार्ड क्र.3 के पार्षद पद के लिये होगा चुनाव
- चंदाई, बरभांठा अ, कोतमरा और ग्वालीनडीह सरपंच का भी होगा चुनाव,
- कई ग्राम पंचायत में पंच का होगा उपचुनाव,
- डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिक्षा शर्मा अपीलीय अधिकारी नियुक्त,
- सुश्री वर्षा बंसल है रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,

**सारंगढ़ टाईम्स न्यूज/सारंगढ़**

सारंगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष तथा वार्ड क्रमांक-3 के रिक्त पार्षद पद के चुनाव के लिये चुनावी तैयारी शुरू हो गई है। दोनो के अलावा ग्राम पंचायत चंदाई, बरभांठा अ, कोतमरा और ग्वालीनडीह के रिक्त सरपंच पद भी चुनाव संपन्न कराये जायेगे तथा पंचो के भी रिक्त पदो पर चुनाव होगा। इसके लिये मतदाता सूची तैयार करने के लिये रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति हो चुकी है वही कल अपीलीय अधिकारी भी नियुक्ति कर दिया गया है। जिसके बाद चुनावी तैयारियो मे तेजी आने की संभावना है।




दरअसल सारंगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष श्रीमती सोनी बंजारे को राज्य शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम-1961 कर धारा 41-क के तहत कार्यवाही करते हुए पद से हटा दिया है वही नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-3 के पार्षद के असामियक मृत्यु होने पर यह पद भी रिक्त है। ऐसे में छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग ने दोनो पदो पर चुनाव के लिये तैयारी शुरू कर दिया है। 5 मई तक फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जायेगा। इसके लिये रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री वर्षा बंसल तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा तथा नायब तहसीलदार प्रकाश पटेल को बनाया गया है वही अपीलीय अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिक्षा शर्मा की नियुक्ति किया गया है। जिसके बाद उपचुनाव के लिये प्रशासनीक तैयारी ने जोर पकड़ लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुछ ग्राम पंचायत में पंच का पद रिक्त है वहा पर भी उपचुनाव कराया जायेगा वही चार पंचायत में सरपंच का पद रिक्त होने के कारण से वहा पर सरपंच का चुनाव संपन्न कराया जायेगा। इसमें ग्राम पंचायत चंदाई, बरभांठा अ, कोतमरा और ग्वालीनडीह के सरपंच पद शामिल है।

5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा तथा जून में सारंगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष तथा रिक्त पार्षद पद का उपचुनाव के साथ-साथ 4 ग्राम पंचायत के रिक्त सरपंच पद तथा रिक्त पंच पदो पर भी उपचुनाव का कार्य पूरा किया जायेगा।



# छग राज्य केशरवानी वैश्य सभा के तीनों सभाओं का शपथ ग्रहण समारोह एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक





सारंगढ़ टाईम्स/न्यूज

**सारंगढ़।** छः गः राज्य केशरवानी वैश्य के तीनो सभा, बिलासपुर नगर केशरवानी वैश्य के तीनो सभा, के संयुक्त आयोजन में अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा की द्वितीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं छः गः राज्य केशरवानी वैश्य सभा के तीनों सभाओं के शपथग्रहण में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एस एन केसरी , राष्ट्रीय संरक्षक द्वय श्री शिव कुमार वैश्य एवं श्री राजीव गुप्ता , राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी ए उमेश गुप्ता , उपाध्यक्ष श्री रतनमणि केशरवानी , श्री कमलेश गुप्ता , श्री अर्जुनलाल केसरी , गजेंद्र केसरी , राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय केसरी , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री सतीश केसरवानी, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉक्टर वीरेंद्र केसरवानी , श्री शंकरलाल केसरवानी , राष्ट्रीय महिला महासभा की संरक्षक श्रीमती कल्याणी अश्विनी केसरवानी , राष्ट्रीय महिला महासभा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती दिव्या उमेश केसरवानी , राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता , छत्तीसगढ़ प्रदेश सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नीलेश गुप्ता , महामंत्री श्री राजेश गुप्ता , छत्तीसगढ़ प्रदेश संरक्षक प्रो अश्विनी केसरवानी , श्री विजय केशरवानी , श्री अशोक केसरवानी , निवर्तमान अध्यक्ष और संरक्षक श्री अशोक केशरवानी , महिला सभा छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शिव केशरवानी , महामंत्री श्रीमती भावना सूर्यप्रकाश केसरी , तरुण सभा के अध्यक्ष श्री मधुकर गुप्ता , महामंत्री श्री चंद्रधर केसरी , उत्तरप्रदेश के अध्यक्ष श्री तीर्थराज गुप्ता की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ प्रदेश वैश्य सभा के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण संरक्षक प्रो अश्विनी केसरवानी ने , प्रदेश महिला सभा के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण राष्ट्रीय संरक्षक श्रीमती कल्याणी केशरवानी और प्रदेश तरुण सभा के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण प्रदेश अध्यक्ष श्री नीलेश गुप्ता ने कराया । शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रदेश महिला सभा की अलग बैठक हुई जिसमें पूर्व कार्यकाल के सफल कार्यक्रमों के विजयी नगर सभाओं को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । इसी प्रकार तरुण सभा की बैठक में आगे की कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया । राष्ट्रीय महासभा की कार्यकारणी की बैठक संपन्न हुई जिसमें पटना में हुई बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई । फिर नगर सभाओं छत्तीसगढ़, बिहार उत्तरप्रदेश , मध्यप्रदेश , महाराष्ट , पश्चिम बंगाल, और झारखंड के लिए कार्यकारणी सदस्यों की संख्या में दस प्रतिशत बृद्धि की घोषणा की गई साथ ही पदाधिकारियों की संख्या में बढ़ाई गई एवं क्रमश प्रदेशो का प्रतिवेदन पढ़ा गया। मंच से पश्चिम बंगाल प्रदेश के महामंत्री श्री अभिषेक केसरी को राष्ट्रीय मुख्य संगठन मंत्री मनोनीत किया गया इसी प्रकार आचार्य रामप्रसाद गुप्ता छत्तीसगढ़ को संविधान समिति सदस्य बनाया गया एवं सभी प्रदेशों के अध्यक्ष महामंत्री संविधान समिति के सदस्य रहेंगे जिसका सबने करतल ध्वनि से स्वागत किया गया । भोजन के बाद द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय महासभा का प्रश्न काल हुआ जिसमे प्रदेश सभाओं के निर्वाचन प्रक्रिया में एक रूपता लाने के लिए नियमों पर चर्चा हुई साथ ही लोगों के प्रश्नों का राष्ट्रीय महामंत्री संजय केसरी के निराकरण किया । । सभा को राष्ट्रीय संरक्षक श्री शिवकुमार वैश्य , राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एस एन केसरी , छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्री नीलेश गुप्ता और महिला महामंत्री श्रीमती सुनीता गुप्ता के भी संबोधित किया ।

कार्यक्रम बहुत ही उल्लास और शांतिपूर्ण संपन्न हुआ । इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश सभा , उसकी तीनों सभा और नगर सभा बिलासपुर के तीनों सभा को बधाई और धन्यवाद दिया गया । एवं छः गः राज्य केशरवानी वैश्य सभा का पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह तीनों सभाओं द्वारा मनाया गया एवं बिलासपुर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सफल आयोजन के लिए केक काट कर खुशी का इजहार किया गया मुख्य रुप से श्री अशोक केशरवानी प्रदेश निवर्तमान श्री अशोक केशरवानी रोहित केशरवानी इंजी सुधीर गुप्ता श्री धीरेन्द्र केशरवानी नगर अध्यक्ष श्री हेमंत केशरवानी हाई कोर्ट एडवोकेट श्री अशोक केसरवानी मनेंद्रगढ़ नगर महामंत्री श्री बसंत केशरवानी एवं नगर महिला सभा संरक्षक एवं महिला नगर अध्यक्ष एवं उनकी टीम तरुण सभा के सदस्य एवं कोरबा अध्यक्ष श्री त्रिभुवन प्रसाद केशरवानी एवं उनकी टीम की उपस्थिति में बिलासपुर आयोजन समिति में नगर सभा एवं महिला सभा एवं तरुण सभा का योगदान बहुत ही सराहनीय रहा। इस कार्यक्रम में देश भर के एक सो पचास प्रतिनिधि और छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न नगर सभा से लगभग तीन सौ लोगों ने भाग लिया । सभा समापन से पहले छत्तीसगढ प्रदेश महामंत्री श्री राजेश गुप्ता जी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के हितग्राहियों की उमीदें कब होगी पूरा-बाघे

सारंगढ़ टाईम्स/न्यूज

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के सभी भूमिहीन मजदूरों को प्रति वर्ष भूमिहीन राजीव गांधी न्याय योजना के तहत समय पर राशी जमा कर दिया जाता था। ताकि भूमिहीन मजदूरो को आर्थिक बोझ न पड़े।

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोपाल बाघे ने छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ योजनाओं का नामकरण की है। छत्तीसगढ़ में दीनदयाल



उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत पात्र परिवारो को हर साल रु 10 हजार की सहायता राशि सीधे बैक खाते में देने की वादा किये प्रथम वर्ष 20 जनवरी 25 को एक बार दे तो दिए लेकिन इस वर्ष राशि जमा कराने में इतनी विलंब क्यो और ई केवायसी सत्यापन के नाम पर हितग्राहियों के नाम काटने की काम कर रही है।उन्हें लाभ से वंचित करने की योजना बनाया गया है ताकि प्रदेश में कम लोगो को इस योजना का लाभ मिले।बाघे ने कहा कि सरकार इस वर्ष की राशि तत्काल जमा कराए ताकि भूमिहीन मजदूरों को सुविधा मिल सके।द्वतीय सत्र 3 माह वित गया अभी तक राशि जमा नहीं करना व ई केवायसी सत्यापन के नाम पर नाम काटना भाजपा सरकार भूमिहीन मजदूरों के साथ अन्याय कर रहा है।जो वादा खिलाफी है।

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत दिया गया प्रशिक्षण





सारंगढ़ टाईम्स/न्यूज

**साल्हेओना।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला जनपद पंचायत बरमकेला के सभा कक्ष में आयोजित किया गया।

कार्यशाला में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति सदस्य एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं संरक्षण अधिकारी द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के संबंध में अवगत कराया गया कि बरमकेला विकास खंड को बाल विवाह के रोकथाम हेतु विकास खंड बरमकेला के समस्त ग्राम पंचायत सचिव एवं महिला बाल विकास के सुपरवाइजर को बाल विवाह मुक्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामो, बाल विवाह की रोकथाम हेतु की जाने वाली कार्यवाही एवं बाल विवाह कराने वाले व्यक्ति, विवाह में शामिल होने वाले व्यक्ति, पुरोहित, टेण्ट हाउस संचालक, फोटोग्राफर, हलवाई, भवन संचालक, बाजा वाला एवं अन्य सभी जो बाल विवाह में सम्मिलित होंगे को 02 वर्ष सश्रम कारावास या 01 लाख रूपये का अर्थदंड या दोनो से दण्डित किया जायेगा जा सकेगा की जानकारी से अवगत कराया गया। सभी को प्रोजेक्टर के द्वारा दिखाए गए।

इस अवसर पर गोपाल कृष्ण महापात्रे अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, फन्नीद्रनाथ मालाकार बाल कल्याण समिति सदस्य, श्रीमती पायल साहू जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सुश्री मीनू पटेल संरक्षण अधिकारी, रजनीश गेंदले विधिक सह परिवेक्षक अधिकारी, श्रीमती अंजनी पटेल सामाजिक कार्यकर्ता, अमित श्रीवास सहित सचिव व महिला एवं बाल विकास के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे।

# मादा वत्स उन्नत मादा पालन पोषण योजना के 71 हितग्राहियों को वितरित किया गया पशु आहार

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** पशुधन विकास विभाग की मादा वत्स (उन्नत मादा) पालन पोषण योजना के तहत विकासखंड सारंगढ़ के 11 हितग्राहियों को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डे के द्वारा उप संचालक पशुधन डॉ महेंद्र पाण्डेय की अगुवाई में काफ ग्रोवर (दाना) राशन प्रदान किया गया एवं पूरे जिले में 71 हितग्राहियों को काफ ग्रोवर पशु आहार वितरण किया गया है, जिससे इस जिले के हितग्राहियों में अति उत्साह है एवं प्रत्येक हितग्राहियों को 11 बोरा 23 किलो दाना दिया गया। पशु विभाग के इस कार्य से आम जनता में उत्साह है। इसी तरह का कार्यक्रम बिलाईगढ़ ब्लॉक में कृषि स्थायी समिति सभापति सोनी टंडन एवं समिति के सदस्यों के द्वारा 5 ओबीसी और 5 अनुसूचित जाति हितग्राहियों को कैल्फ ग्रोवर फीड का वितरण किया गया।








सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का प्रथम दैनिक अखबार

एक सकारात्मक विचार

दैनिक

# सारंगढ़ टाईम्स








सारंगढ़, बुधवार 25 मार्च 2026

Email - sarangarhtimes@gmail.com


## भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के लिए खुशखबरी, सीएम साय आज देंगे 500 करोड़ रुपए की सौगात

**रायपुर।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक रूप से संबल बनाने के लिए शुरू की गई एक प्रमुख योजना है. इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों को सशक्त बनाना है. इस योजना से सर्वाधिक रायपुर जिला के 53 हजार 338 मजदूर और सबसे कम बीजापुर जिला से 1542 मजदूर शामिल हैं. सरकार ने इन्हें मुख्यधारा से जोड़कर यह संदेश दिया है कि 'अंत्योदय' की कतार में खड़ा आखिरी पंक्ति के व्यक्ति भी शासन की प्राथमिकता में सबसे ऊपर है।

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत 4.95 लाख से अधिक पात्र परिवारों के लिए राज्य सरकार की ओर से 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है. मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपए की वित्तीय सहायता सीधे हितग्राही के बैंक खाते में दी जाती है. 25 मार्च 2026 को बलौदाबाजार से जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राशि अंतरित करेंगे, तो वह छत्तीसगढ़ के न्याय और सुशासन की गूंज होगी. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना ने यह साबित कर दिया है कि जब सरकार की नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो, तो विकास की किरण हर झोपड़ी तक पहुंचती है. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी. संकल्प बजट 2026-27 में 600 करोड़ रूपए का प्रावधान के साथ मजदूर परिवारों को आर्थिक सुरक्षा का सशक्त संबल मिलेगा. यह सहायता सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचकर उन्हें स्थिरता, सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करेगी. सशक्त श्रमिकों के माध्यम से सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य सुनिश्चित करना छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है।




दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत रायपुर जिला के 53 हजार 338 मजदूर, बिलासपुर जिला के 39 हजार 401 मजदूर, महसमुंद जिला के 37 हजार 11 मजदूर और सबसे कम बीजापुर जिला से 1542 मजदूर, कोरिया जिला से 1549 मजदूर और नारायणपुर जिला से 1805 मजदूरों को मिलेगा लाभ मिलेगा, जिनका ई-केवायसी हो चुका है।

### भूमिहीन कृषि मजदूरों को अब प्रतिवर्ष मिलेगा 10,000 रुपए

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है. इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं. इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी परिवारों को भी शामिल किया गया है. लाभार्थी सूची में 22,028 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत के रक्षक हैं. सरकार का प्राथमिक लक्ष्य इन परिवारों को सालाना एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी बुनियादी जरूरतें जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक आवश्यकताओं को बिना किसी कर्ज के पूरा कर सकें. इन्हें पूर्व में दी जाने वाली 7,000 रुपये की राशि को बढ़ाकर अब 10,000 रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचती है।



## सरसीवा क्षेत्र में तम्बाकू उत्पाद का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध हुई कार्यवाही

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन और कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर कोटपा दल ने सरसीवा क्षेत्र में संचालित 10 पान ठेला, गुमटियों, किराना दुकान होटलों, रेस्टोरेंट में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4/6 का उल्लंघन करते पाए जाने पर क्रमश 1550 रूपये राशि का चालानी कार्यवाही किया। जांच टीम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक नीलिमा, कौशल साहू एवं पुलिस आरक्षक शामिल थे।

## 5 दिनों में 5 हजार से अधिक मुर्गा-मुर्गियों की मौत, सरकारी पोल्ट्री फार्म सील

### बर्ड फ्लू की आशंका पर जांच के लिए भेजे गए सैंपल





**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सरकारी कुक्कुट पालन परिक्षेत्र में पिछले 5 दिनों में 5000 से अधिक मुर्गा-मुर्गियों की मौत हो गई है। शासकीय पोल्ट्री फार्म में हुए इस घटना से पशु चिकित्सा विभाग समेत आसपास के क्षेत्रों में भी हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक तौर पर बर्ड फ्लू की आशंका जताई जा रही है। मौत के कारणों को जानने के लिए सैंपल भोपाल स्थित लैब भेजे गए हैं। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। तब तक के लिए शासकीय पोल्ट्री फार्म को बंद कर दिया गया है। बिलासपुर जिले के कोनी में कुक्कुट पालन परिक्षेत्र में शासकीय पोल्ट्री फार्म स्थित है। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोगों को मुर्गा-मुर्गी पालन के लिए सरकार द्वारा चूजे उपलब्ध करवाए जाने की योजना के तहत कोनी में शासकीय पोल्ट्री फार्म स्थापित किया गया है। यहां से अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोगों को मुर्गा और मुर्गी पालन के लिए चूजे उपलब्ध करवाए जाते हैं। इस कुक्कुट पालन परिक्षेत्र में करीबन विभिन्न नस्लों के 6 हजार से अधिक मुर्गा- मुर्गियों का पालन किया जाता है और प्रजनन करवाया जाता है।

### 18 मार्च से मरने लगे मुर्गे-मुर्गी

शासकीय कुक्कुट पालन परिक्षेत्र में शेड बनाकर अलग-अलग प्रजातियों के मुर्गाङ्क मुर्गियों को रखा जाता है। बीते 18 मार्च से अचानक शेड में रहने वाले मुर्गेङ्क मुर्गियां मरने लगी। धीरे-धीरे यह आंकड़े बढ़ने लगे और रोजाना मुर्गेङ्कमुर्गियों की मौत होने लगी। शुरुआत में पोल्ट्री प्रबंधन ने अपने स्तर पर इससे निजात पाने की कोशिश की पर मामला काबू में नहीं आने पर पोल्ट्री फार्म प्रबंधक संजय राज ने संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा जीएसएस तंवर को इसकी जानकारी दी।

### रायपुर की टीम ने किया निरीक्षण

कलेक्टर संजय अग्रवाल को भी मामले की जानकारी दी गई। पांच हजार से अधिक मुर्गे-मुर्गियों की मौत से पशु चिकित्सा विभाग समेत क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इसकी जानकारी राज्य पशु चिकित्सा विभाग को भेजी, जिसके बाद आज पशु चिकित्सा विभाग के रायपुर की टीम ने बिलासपुर आकर कुक्कुट पालन परिक्षेत्र का दौरा किया और वस्तु स्थिति का अवलोकन कर कारणों को जानने की कोशिश की।

### 5 किलोमीटर का दायरा संवेदनशील घोषित

माना जा रहा है कि पोल्ट्री फार्म प्रबंधक संजय राज ने इस मामले में लापरवाही बरती है। 18 मार्च से मुर्गेङ्क मुर्गियों की मौत का सिलसिला शुरू हो गया था। यदि वे पहले इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे देते तो हो सकता है कि मौत का सिलसिला थम जाता और मौत के कारणों का भी पता चल जाता। अब मौत के कारणों को जानने के लिए भोपाल स्थित लैब में सैंपल भेजा गया है। सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की स्पष्ट कारणों का खुलासा होगा। यदि बर्ड फ्लू की पुष्टि हो जाती है तो कुक्कुट पालन परिक्षेत्र के 5 किलोमीटर का दायरा संवेदनशील घोषित कर दिया जाएगा और इस परिधि में आने वाले सभी मुर्गा-मुर्गियों को मारना पड़ेगा ताकि बर्ड फ्लू न फैले।

## गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत और कालाबाजारी का विरोध

### कांग्रेस ने तेलीबांधा तालाब में किया सिलेंडर का प्रतीकात्मक विसर्जन




**रायपुर।** बढ़ती गैस सिलेंडर की कीमतों, एजेंसियों में लंबी कतारों और आम लोगों को हो रही परेशानियों के खिलाफ शहर कांग्रेस के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस ने रायपुर में अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तेलीबांधा तालाब में प्रतीकात्मक रूप से गैस सिलेंडर का विसर्जन कर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही राज्य सरकार पर भी कालाबाजारी रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि आम जनता चाहे गरीब हो या अमीर, सभी गैस सिलेंडर को लेकर परेशान हैं। सरकार जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा, गैस एजेंसियों में लगातार लंबी कतारें लग रही है। समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द व्यवस्था सुधारने और कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में सुजीत सिंह, अजीत कुकरेजा, हीरेंद्र देवांगन, अविनय दुबे, महेंद्र कुमार सेन, वेंकट कुमार, मंगल सिंह, जसमीत सिंह, गजेंद्र साहू, राजू यादव, सुरेश बुधवानो और राधे नायक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कर्ज से परेशान युवक बना एटीएम चोर

### यू-ट्यूब से सीखी ट्रिक, गैस कटर लेकर एटीएम मशीन काटने पहुंचा आरोपी गिरफ्तार



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में पुलिस की सतर्कता से आज बड़ी वारदात टल गई। यू-ट्यूब में वीडियो देखकर एटीएम मशीन काटने पहुंचा आरोपी गैस कटर के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। पूरा मामला लोहारा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी नंदलाल साहू (30) ने कर्ज से परेशान होकर यूट्यूब पर एटीएम काटने का वीडियो देखकर पूरी टेक्निक सीख ली। इसके बाद गैस कटर, गैस और ऑक्सीजन सिलेंडर समेत अन्य उपकरण जुटाकर एटीएम को काटकर लाखों रुपए लूटने की योजना बनाई थी, जिसे पुलिस ने धरदबोचा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले भी सहसपुर लोहारा, बिडोरा चौक, शांतिनगर और छुईखदान के एटीएम में चोरी की कोशिश कर चुका था, लेकिन हर बार असफल रहा।

### आरोपी के पास से जब्त सामान

गैस कटर मशीन, गैस व ऑक्सीजन सिलेंडर
लोहे का सब्बल, नकाब, रेनकोट, कंबल
वारदात में इस्तेमाल बाइक

### ऐसे हुआ मामले का खुलासा

पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में छेड़छाड़ की शिकायत के बाद पुलिस पहले से अलर्ट थी। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर लगातार एटीएम की चेकिंग और रात्रि गश्त बढ़ा दी गई थी। 24 मार्च की रात गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक युवक पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम के पास संदिग्ध हालत में दिखा। शक होने पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से गैस कटर, सिलेंडर, सब्बल, नकाब और अन्य उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी से घटना स्थल पर सीन रीक्रिएट करवाया, जिसमें उसने बताया कि वह गैस कटर से एटीएम मशीन काटने की कोशिश करता था।

### पुलिस की सतर्कता से टली बड़ी वारदात

लगातार गश्त और एटीएम चेकिंग की वजह से यह बड़ी चोरी होने से पहले ही नाकाम हो गई। समय रहते कार्रवाई से लाखों रुपए की चोरी टल गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल ने लोगों से अपील की है कि लालच में आकर अपराध का रास्ता न अपनाएं। शॉर्टकट अपनाने से जिंदगी बर्बाद हो सकती है, ईमानदारी से कमाया गया धन ही सुरक्षित होता है।

## नेशनल ट्राइबल गेम्स के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया

**रायपुर।** नेशनल ट्राइबल गेम्स का 25 मार्च को आगाज होगा. दस दिन तक चलने वाले इस खेल आयोजन के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया मौजूद रहेंगे. इसमें 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 3000 जनजातीय खिलाड़ियों की भागीदारी होगी। नेशनल ट्राइबल गेम्स के संबंध में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया को जानकारी दी. उन्होंने बताया कि नेशनल ट्राइबल गेम्स का शुभारंभ कल शाम को होगा. रायपुर में हॉकी, फुटबॉल, तैराकी, तीरंदाजी और वेट-लिफ्टिंग के आयोजन होंगे, वहीं जगदलपुर में एथलेटिक्स और अंबिकापुर में कुश्ती की प्रतियोगिताएं होंगी. उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आयोजन में डेमो गेम्स के रूप में दो परंपरागत खेल कबड्डी और मलखंब को शामिल किया गया है. खेल आयोजन में छत्तीसगढ़ के कुल 164 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें 86 पुरुष और 78 महिला खिलाड़ी शामिल हैं. उन्होंने बताया कि आयोजन में शामिल खिलाड़ियों के आने का क्रम जारी है. अब तक 500 से ज़्यादा खिलाड़ी आ चुके हैं।




### असम में चुनाव प्रचार के लिए गए कांग्रेस नेता रूपेश ठाकुर का हुआ निधन, मंत्री टंकराम वर्मा ने जताया शोक



**बलौदा बाजार।** असम में चुनाव की गहमागहमी के बीच एक दुखद खबर सामने आई है. चुनाव प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ से गए बलौदा बाजार के पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के साथ चुनाव प्रचार के लिए रूपेश ठाकुर असम गए थे. इस दौरान तबीयत खराब होने से उन्हें गुवाहाटी के हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां आज सुबह हार्ट अटैक आने से निधन हो गया. युवा नेता और युवाओं में लोकप्रिय रुपेश ठाकुर के निधन की खबर आते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रूपेश ठाकुर के असामायिक निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# राधे कृष्ण आइल प्लांट के सामने आदेश के सवा महीने बाद भी क्रासिंग बंद नहीं

## आंदोलन की तिथि कल 25 को हो रही खत्म, एसडीएम व सीएमओ के आदेश की ठेकेदार कर रहा अनदेखा

सारंगढ़ टाईम्स/न्यूज





**सरायपाली।** बैतारी स्थित राधे कृष्णा आइल प्लांट के सामने अनावश्यक व खतरनाक ढंग से छोड़े गए क्रासिंग को एसडीएम व सीएमओ द्वारा ठेकेदार को आदेश दिए जाने के सवा महीने बाद भी बंद नहीं किया जाना एक ओर प्रशासनिक आदेश की ठेकेदार द्वारा अवहेलना किया जाने के साथ ही घोर लापरवाही बरते जाने का यह एक नमूना है । इस संबंध में उक्त क्रासिंग से हो रही परेशानियों व संभावित दुर्घटनाओं की आशंका से संबंधित कई बार समाचार प्रकाशन कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था किंतु इस संबंध में संबंधित अधिकारियों की चुप्पी भी संदेहास्पद है । क्रासिंग को बंद किए जाने की मियाद कल 25 मार्च को समाप्त हो रही है उसके बाद ग्रामीणजनों द्वारा आंदोलन किए जाने की सूचना एसडीएम को 18 मार्च को दे दी गई थी। ज्ञातव हो कि ठेकेदार द्वारा क्रासिंग को डिवाइडर निर्माण के बंद किए जाने के स्थान पर क्रासिंग के किनारे 3 बड़े बड़े सीमेंट का पत्थर लगाकर अस्थाई तौर पर क्रासिंग को छोटा किए जाने का असफल प्रयास किया जा रहा है जबकि इस क्रासिंग को डिवाइडर बनाकर बंद किया जाना है । इस प्रकरण में संबंधित नगरपालिका की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं । राधे कृष्ण आयल मिल के सामने छोड़े गए क्रासिंग को बंद नहीं किए जाने हेतु गौरवपथ ठेकेदार द्वारा किस तरह एक प्रशासनिक अधिकारी व सीएमओ के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण राधे कृष्ण आयल मिल के सामने बने अवैध व अनावश्यक क्रासिंग को आज सवा महीने बाद भी बंद नहीं किए जाना यह स्पष्ट प्रमाण है । ज्ञातव्य हो कि क्रासिंग बंद किए जाने की लगातार समाचार प्रकाशन व शिकायतों के बाद जांच उपरांत विगत 12/2/26 को एसडीएम अनुपमा आनंद द्वारा सीएमओ दिनेश यादव को क्रासिंग बंद किए जाने से संबंधित आदेश दिया गया था । जिसके परिपालन में सीएमओ द्वारा 18/2/26 को संबंधित ठेकेदार को क्रासिंग बंद किए जाने का आदेश दिया गया था । किंतु एक माह बाद भी जब क्रासिंग बंद नही किया गया तो शिकायत कर्ता द्वारा पुनः 18/3/26 को एसडीएम को एक सप्ताह के अंदर बंद नहीं किए जाने की चेतावनी के साथ आंदोलन किए जाने संबंधित पत्र सौंपा गया था ।। जिसका अंतिम दिन कल 25 मार्च को समाप्त हो रहा है । इस बीच ठेकेदार द्वारा उक्त क्रासिंग में 3 बड़े बड़े सीमेंट के पत्थर लगा दिया गया है ताकि क्रासिंग छोटा दिखे । ठेकेदार व संबंधित जनप्रतिनिधियों के व्यवहार से ऐसा लगता है कि वे प्लांट से संबंध निभाने के चक्कर में आम जनता के जान से खेलने का खतरा मोल ले रहे हैं तो वहीं एक प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों के बंद किए जाने के स्पष्ट आदेशों की घोर अवहेलना है । ठेकेदार के इस कृत्य से प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की छवि भी आम जनता व विभाग में धूमिल हो रही है उनकी प्रशासनिक क्षमताओं पर भी सवाल उठाए जाएंगे ।। जिसके परिणाम स्वरूप अन्य कोई भी अधीनस्थ अधिकारी हो या आम जनता एक जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश के परिपालन में कोताही बरती जाएगी तो प्रशासनिक दबाव का संदेश भी प्रभावित होगा व ऐसे आदेशों को नजरअंदाज किए जाने की संख्याओं में बढ़ोतरी भी होगी । इस संबंध में एसडीएम व सीएमओ को तत्काल संज्ञान में लेते हुवे उक्त ठेकेदार पर आदेशों की अवहेलना किए जाने संबंधित कार्यवाही करनी चाहिए व तत्काल प्रभाव से उक्त क्रासिंग को डिवाइडर निर्माण के बंद किए जाने का कठोर आदेश दिया जाना चाहिए ।

# पेंशनरों के हक की लड़ाई तेज, सारंगढ़ बैठक में उठीं महत्वपूर्ण मांगें

### शिवकुमार स्वर्णकार जिला संयोजक नियुक्त किए गए

सारंगढ़ टाईम्स/न्यूज



**सारंगढ़।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश, जिला सारंगढ़ की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को अग्रसेन भवन, सारंगढ़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर कौशल बेहार ने की। बैठक में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य परमेश्वर स्वर्णकार, प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी तथा संगठन मंत्री टी.पी. सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता शिवकुमार स्वर्णकार को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश, जिला सारंगढ़ का जिला संयोजक तथा सेवानिवृत उप पुलिस अधीक्षक नंदलाल धृतलहरे को सरसीवां तहसील के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने अपने संबोधन में महासंघ की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि रायपुर में सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल तथा पेंशन संचालनालय की स्थापना महासंघ के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महासंघ की मांग पर पेंशनरों एवं कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रारंभ करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसके आदेश शीघ्र जारी होने की संभावना है।उन्होंने आगे मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को शीघ्र विलोपित करने, केंद्र के समान 3त्र महंगाई राहत देने, कम्प्यूटेड राशि की कटौती 11 वर्षों में समाप्त करने तथा सभी संभाग एवं जिलों में पेंशन कार्यालय स्थापित करने की मांग उठाई।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष देव नारायण साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिव कुमार स्वर्णकार और मनीराम कुर्रे ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में नंदलाल धृतलहरे, रवि शंकर स्वर्णकार, अंजन मेहर, मनीराम कुर्रे, के.पी. चंद्रम, एन.पी. तिवारी, मंगतूराम स्वर्णकार, मोहम्मद शमीम, गणेश राम निराला, मुकुतराम कुर्रे, रामलाल जायसवाल, मोहम्मद कासिम सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे और पेंशनरों के हित में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता निभाई।

# उप-तहसील की स्थापना दिवस पर अधिवक्ता बनज ने अंचल वासियों को दी बधाई

सारंगढ़ टाईम्स/न्यूज



**सारंगढ़।** कोसीर उप-तहसील कार्यालय 24 मार्च 2021 को अपने अस्तित्व में आया कोसीर रायगढ़ जिले का बड़ा गांव हैं कोसीर जो 24 मार्च 2021 को उप-तहसील की अस्तित्व में आया । सारंगढ विधायक श्रीमति उत्तरी गनपत जांगड़े और तात्कालिक जिला कलेक्टर भीम सेन की उपस्थिति में कोसीर उप-तहसील कार्यालय का उदघाटन हुआ। कोसीर उप-तहसील के अंतर्गत 26 ग्राम पंचायते 12 पटवारी हल्का नंबर और 41 गांवो शामिल हैं । वर्तमान में नव सृजित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला का प्रमुख गांव है । उप तहसील बनने के बाद अंचल को बहुत सारी सुविधाएं मिल रही है । वही किसानों ,विद्यार्थियों को भी लाभ पहुंचा है । यहां वर्तमान में और भी अमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकताएं है जो राजस्व का सीधा लाभ अंचल को मिलेगा ।वही अंचल के अधिवक्ताओं को अपने नजदीक में उप तहसील मिलने से उन्हें खुशी हुई । उप तहसील के 05 वें स्थापना दिवस पर सारंगढ़ अंचल के अधिवक्ता पोलेश्वर कुमार बनज ने स्थापना दिवस को लेकर अंचल वासियों को बधाई दिए हैं । कोसीर उप तहसील की जिम्मेदारी वर्तमान में तहसीलदार शनि कुमार पैकरा सम्हाल रहे हैं पूर्व में आर ध्रुव, रॉकी एक्का, वंदे राम भगत , आयुष तिवारी ,अर्पण कुर्रे, रूपाली मेश्राम,

पूनम तिवारी , प्रकाश पटेल ,मनीष सूर्यवंशी, खेमन लाल ध्रुव अपनी सेवाएं उप तहसील में दिए हैं । स्थापना दिवस के 05 वें वर्ष में उप तहसील धीरे धीरे अपना पहचान बना रही है और अंचल को इसका लाभ मिल रहा है ।

# हवा में जहर सड़कों पर कहर: क्या उड़ती राख के नीचे दब गई है सरकार की गाइडलाइन



**कुड़ेकेला।** राजधानी के आलीशान एसी कमरों में जब नियमों की फाइलें खुलती हैं तो लगता है कि व्यवस्था चाक चौबंद है। विधानसभा के भीतर खरसिया विधायक उमेश पटेल के तीखे सवालों पर जब वित्त मंत्री ने फ्लाईएश निपटान की कठोर गाइडलाइंस गिनाई तो लगा मानों अब एक कण भी बाहर नहीं गिरेगा। लेकिन हकीकत हकीकत सड़कों पर फर्राटे मारते उन मौत के सौदागरों ओवरलोड ट्रकों के टायरों के नीचे कुचली जा रही है।?विधानसभा में चर्चा का दौर जारी है लेकिन धरातल पर उद्योग प्रबंधन और रसूखदार ठेकेदारों ने सरकार की गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वित्त मंत्री ने बताया था कि फ्लाईएश का निपटान कहाँ और कैसे होना है लेकिन साहब.नियमों की ये पोथी शायद उन ठेकेदारों तक नहीं पहुँची जिन्हें चन्द रुपयों के मुनाफे के आगे हजारों जिंदगियां राखके बराबर लगती है। क्षेत्र में चल रहे प्लांटों से निकलने वाले ये ट्रक मानों किसी नियम को नहीं पहचानते। न त्रिपाल की चिंता है न ही ओवरलोड का खौफ।

अगर किसी ट्रक पर त्रिपाल दिखता भी हैतो वो इतना जर्जर और फटा होता है कि उससे ज्यादा इज्जत तो छलनी की होती है।सड़कों पर दुपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग धूल के ऐसे बवंडर से गुजर रहे हैं जहाँ सांस लेना भी किसी जंग से कम नहीं है। हैरानी की बात तो यह है कि यह सब खुलेआम हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी या तो कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं या फिर उन्हें धूप की तपिश इतनी ज्यादा लगती है कि वे अपने ठंडे चैंबरों से बाहर निकलकर इन मनमानी करने वाले ट्रकों को रोकने की जहमत नहीं उठा पा रहे। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर उद्योगों की राख के नीचे आम आदमी की आवाज दब चुकी है ?क्या विधानसभा में दिए गए जवाब सिर्फ कागजी खानापूर्ति के लिए थे क्या परिवहन और पर्यावरण विभाग ने इन उड़ते हुए खतरों को खुली छूट दे रखी है ओभरलोडिंग और बिना ढके परिवहन करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करने से किसके हाथ कांप रहे है।

# भारत स्काउट गाइड सदैव सेवा कार्य के लिए रहते है तत्पर- सुलोचना यादव



सारंगढ़ टाईम्स/न्यूज


**लवन।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ बलौदा बाजार द्वारा राज्य मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय के निर्देशानुसार स्थानीय संघ अध्यक्ष मानक चंद वर्मा एवं जिला सहायक आयुक्त राजेंद्र टंडन की मार्गदर्शन में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विकासखंड बलौदा बाजार के विभिन्न स्थलों पर शीतल प्याऊ घर राहगीरों की प्यास बुझाने हेतु खोलने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में लवन बिलासपुर रोड चिचिरदा चौराहे पर जनपद पंचायत बलौदा बाजार की अध्यक्ष सुलोचना यादव एवं भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदा बाजार के सदस्य प्रशांत यादव के मुख्य अतिथि में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव ने कहा कि स्काउट गाइड सदैव सेवा कार्य के लिए तत्पर रहते हैं और इनके द्वारा जो कार्य किया जा रहा है निश्चित ही समाज व राष्ट्र के लिए प्रेरणादाई है। समाज के लोग भी ऐसे अच्छे कार्यो के लिए हाथ आगे बढ़ाएं। प्राणी की रक्षा हेतु कार्य करें। विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा ने इस नेक कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए श्रीमती सुलोचना यादव का आभार किया। इस अवसर पर प्रांजल यादव, जितेंद्र प्रभुवा सरपंच ग्राम पंचायत चिचिरदा, लच्छन बाई, राधे पैकरा, प्राचार्य दाऊलाल साहू, शत्रुघ्न प्रसाद यादव प्रधान पाठक, स्काउटर भगवत प्रसाद चंद्राकर, मनोज कुमार ध्रुव, डिगेश्वर साहू, बड़ी संख्या में स्काउट गाइड ने भाग लिया एवं राहगीरों को शीतल जल पिलाने का कार्य किया।

# मधुमास

गगन वसुन्धरा चुम उठा है पलास।
चारोंओर सुरभित होता है मधुमास।
फूल रहे जुही चंपा रंग बिरंगे सुमन।
पंच सर मार रहा सखा बसंत मदन।
खेत में पीली - पीली सरसों है फूले।
रंग बिरंगी के तितली नाचे होले होले
शीतल मंद सुगंध सुरभित है पवन।
रंग बासंती चारों ओर रसिक है यौवन।
हरी दुम्र की चादर पर मोती सा कण।
कोयल कू कू सुन विरहिन अंश्रु क्षण।
मधुकर निज स्वार्थ साधे चहुँ ओर।
पुष्प अर्पित पराग करे बिना शोर।



राकेश मिश्रा अधिवक्ता
सारंगढ ( छत्तीसगढ)



## संपादकीय

# हमारी नियति झूठमेव जयते


भारत हर दिन झूठ सुनता है। जैसे ताज़ा वाक्य है—हम बंगाल जीतेंगे और घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे! सोचें, भाजपा ने पूरा देश बारह वर्षों से जीता हुआ है और इन बारह वर्षों में बारह दर्जन घुसपैठिए भी भारत से नहीं निकाले गए! और तो और बांग्लादेश से सटे असम, त्रिपुरा, मणिपुर से लेकर दिल्ली, बिहार, यूपी आदि सभी को मोदी सरकार ने पिछले बारह वर्षों से जीता हुआ हैं, पर कितने घुसपैठिए भारत से निकाले गए? बावजूद इसके, फिर झूठ के बूते ही भाजपा बंगाल जीतेगी! ऐसे ही बाहर वर्षों से इज़राइल हमें सीमा सुरक्षा, आतंकवाद के मामले में ड्रोन आदि हर तरह की मदद करता हुआ है, लेकिन इन्हीं बारह वर्षों में पुलवामा से लेकर पहलगाम के आतंकी हमले हुए, जो न तो सामान्य थे और न जिनका कोई ज़िम्मेदार एक भी आतंकी पकड़ा गया। बावजूद इसके, नागरिकों में भय और असुरक्षा पैदा कर उनके वोट लेते रहने के लिए आतंक मिटाने का झूठा नैरेटिव स्थायी है। सोचें, पिछले सप्ताह नई वैश्विक क्रांति एआई का दिल्ली में कैसा मेला-तमाशा हुआ? भारत को अमेरिका, चीन जैसा एआई महाबली बताया गया। जबकि इस सप्ताह की हक़ीक़त यह है कि भारत की आईटी कंपनियों के शेयर बुरी तरह गिरे। टीसीएस, इंफोसिस जैसी नामी कंपनियों के शेयरों की कीमत 18 से 25 प्रतिशत लुढ़की। अकेले फरवरी में भारत की आईटी कंपनियों का 47 बिलियन डॉलर वैल्यूएशन खत्म हुआ है। पर मुमकिन है इस सप्ताह से यह नया झूठ शुरू हो कि पहले से ही भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह छल होगा जीडीपी वृद्धि की गणना के आधार वर्ष को बदलकर। इस नए आधार वर्ष के साथ भारत की सांख्यिकी एजेंसी डिजिटल सेवाओं और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों के योगदान को जीडीपी में बढ़ाने वाली है। मतलब जैसे एआई में भारत हवाहवाई है, वैसे ही डिजिटल सेवाओं और सोलर यानी नवीकरणीय ऊर्जा में भी बस ऐवें ही है। जबकि मैन्युफैक्चरिंग या खेती में ठोस उत्पादन या पैदावार के वास्तविक आँकड़े उपस्थित होते हैं। जैसे चीन के आँकड़े उसकी फैक्ट्रियों, खेती, इंफ्रास्ट्रक्चर, रोबोट, महानगरों के साक्ष्य से भी प्रकट हैं। मगर भारत में आगे डिजिटल खांचे से जीडीपी के आँकड़े चाहे जो हो सकते हैं। वह भी तब, जब भारत के आईटी क्षेत्र की नामी कंपनियों को एआई की वजह से लेने के देने पड़ रहे हैं। नोट रखें, दशकों से भारत की आईटी कंपनियाँ कंप्यूटरी भाषा कोबोल आधारित बैंकिंग सिस्टम, पुराने ईआरपी प्लेटफ़ॉर्म, मेनफ्रेम आदि के आधुनिकीकरण से अरबों रुपये कमाती रही हैं। वह सब एआई से सपाट होना है। मतलब भारत के शहरों—बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद से नोएडा, जयपुर आदि में फले-फूले 40-50 लाख आईटीकर्मी या तो छंटनी और बेरोज़गारी के मारे होंगे या अपने आपको नए सिरे से प्रशिक्षित करेंगे। मोटामोटी अनुमान है कि बहुत जल्द 20-40 प्रतिशत आईटीकर्मी निठल्ले होंगे। बावजूद इस सबके भारत फिर दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था, एआई की महाशक्ति और विकसित भारत के नए झूठों से फिर प्रमाणित करने वाला है कि हमारी नियति झूठमेव जयते है।

# वीरता और साहस की प्रतीक मां कालरात्रि-अरविन्द तिवारी



रायपुर। चैत्र नवरात्रि का सातवां दिन यानि आज मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा-अर्चना के लिये समर्पित होता है। मां कालरात्रि को काली , महाकाली , भद्रकाली , भैरवी , मृत्यु , रुद्रानी , चामुंडा , चंडी , रौद्री और धुमोरना देवी के नाम से भी जाना जाता है। मां के इस स्वरूप को वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि मां कालरात्रि की कृपा से भक्त हमेशा भयमुक्त रहता है उसे अग्नि , जल , शत्रु आदि किसी का भी भय नहीं होता। नवरात्रि के सातवें दिवस पूजनीया मां कालरात्रि के बारे में अरविन्द तिवारी ने बताया कि मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में कालरात्रि एक है। मां के इस रूप को मयंकर माना जाता है। इनका शरीर अंधकार की तरह काला है , काले रंग के कारण ही इनकों कालरात्रि कहा गया है , इसे काली मां का ही रूप माना जाता है। इनके श्वांस से आग निकलती है , मां के बाल बड़े और बिखरे हुये हैं और गले में पड़ी माला बिजली की तरह चमकती रहती है। मां कालरात्रि को आसरिक शक्तियों का विनाश करने वाला बताया गया है। इसके साथ ही मां के तीन नेत्र ब्रह्मांड की तरह विशाल व गोल हैं। मां के चार हाथ हैं जिनमें एक हाथ में खडग् अर्थात तलवार , दूसरे में लौह अस्त्र , तीसरे हाथ अभय मुद्रा में है और चौथा वरमुद्रा में है। इनका वाहन गर्दभ अर्थात गधा है जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे ज्यादा परिश्रमी और निर्भय है। मां इस वाहन पर संसार का विचरण करती हैं। गले में एक सफेद माला धारण करती हैं। देवी का यह स्वरूप तमाम ऋद्धि-सिद्धियों प्रदान करता है। इनकी उपासना से नकारात्मक ऊर्जा का असर नहीं होता है। ज्योतिष में शनि नामक ग्रह को नियंत्रित करने के लिये इनकी पूजा करना अद्भुत परिणाम देता है। मां अपने इस रूप में भक्तों को काल से बचाती हैं अर्थात जो भक्त मां के इस रूप की पूजा करता है उसे अकाल मृत्यु नहीं होती है। कहा जाता है कि मां कालरात्रि की पूजा करने वाले भक्तों को किसी भूत , प्रेत या बुरी शक्ति का भय नहीं सताता। मां दुर्गा ने असुरों के राजा रक्तबीज सहित मधु-कैटभ जैसे असुरों का संहार करने के लिये अपने तेज से मां कालरात्रि को उत्पन्न किया था। पौराणिक कथा के मुताबिक दैत्य शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज ने तीनों लोकों में अपना आंतक मचाना शुरू कर दिया तो देवतागण परेशान हो गये और भगवान शंकर के पास पहुंचे , तब भगवान शंकर ने देवी पार्वती से राक्षसों का वध कर अपने भक्तों की रक्षा करने के लिये कहा। भगवान शंकर का आदेश प्राप्त करने के बाद पार्वतीजी ने दुर्गा का रूप धारण किया और शुंभ-निशुंभ का वध किया। लेकिन जैसे ही मां दुर्गा ने रक्तबीज को मारा उसके शरीर से निकले रक्त की बूंदों से लाखों रक्तबीज उत्पन्न हो गये , तब मां दुर्गा ने मां कालरात्रि के रूप में अवतार लिया। मां कालरात्रि ने इसके बाद रक्तबीज का वध किया और उसके शरीर से निकलने वाले रक्त को अपने मुख में भर लिया जिससे रक्तबीज का रक्त जमीन पर नही गिरा और रक्तबीज पुनर्जीवित नही हो पाया। इस तरह माता कालरात्रि की कृपा से धरती को राक्षसों से मुक्ति मिली। मां कालरात्रि व्यक्ति के सर्वोच्च चक्र , सहस्त्रार को नियंत्रित करती हैं। यह चक्र व्यक्ति को अत्यंत सात्विक बनाता है और देवत्व तक ले जाता है। इस चक्र तक पहुंच जाने पर व्यक्ति स्वयं ईश्वर ही हो जाता है। इस चक्र पर गुरु का ध्यान किया जाता है। इस चक्र का दरअसल कोई मंत्र नहीं होता। नवरात्रि के सातवें दिन इस चक्र पर अपने गुरु का ध्यान अवश्य करें। षोडशोपचार मां की पूजा के पश्चात ।।'ऊं देवी कालरात्र्यै नमः'।। मंत्र का जाप करें और मां को लाल फूल अर्पित करके गुड़ का भोग लगायें। श्रद्धापूर्वक मां कालरात्रि की पूजा आराधना करने से मां हमेशा अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं और शुभ फल प्रदान करती हैं , इसलिये मां के एक नाम शुभकरी भी पड़ा। जगज्जननी माँ दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों में माँ कालरात्रि का रूप सबसे शक्तिशाली है। नवरात्र की सप्तमी तिथि को सुबह-शाम दोनों समय माता कालरात्रि के 108 नाम का श्रद्धा पूर्वक जप करने वाला साधक माता कालरात्रि की विशेष कृपा का अधिकारी बन जाता है। जपकर्त्ता अपने सामने तांबे के कलश में जल भकर उसके उपर गाय के घी का दीपक जलावें। इनका प्रिय पुष्प रातरानी है , इनका प्रिय रंग लाल है। आज के दिन मां को गुड़ जरूर अर्पित करना चाहिये। अगर आपको धन लाभ चाहिये तो तिल के तेल से दीपक जलाकर – या देवी सर्वभू?तेषु माँ कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। मंत्र का जाप करें। परेशानी में हों तो सात या सौ नींबू की माला देवी को चढ़ायें। सप्तमी की रात्रि तिल या सरसों के तेल की अखंड ज्योत जलायें। सिद्धकुंजिका स्तोत्र , अर्गला स्तोत्रम , काली चालीसा , काली पुराण का पाठ करना चाहिये। यथासंभव इस रात्रि संपूर्ण दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

# देवी भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे मंत्री लखन लाल देवांगन





**कोरबा।** शहर के हृदय स्थल स्थित शारदा विहार में आयोजित सरस संगीतमय श्रीमद्देवीभागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ के षष्ठम दिवस आज लखन लाल देवांगन कैबिनेट मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग , सार्वजनिक उपक्रम , वाणिज्यिक कर (आबकारी) , श्रम मंत्री ने सम्मिलित होकर मां दुर्गा की लीलाओं से ओत-प्रोत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर कथा रसपान के लिए पधारे श्रद्धालुजनों से आत्मीय भेंट एबं स्नेहपूर्ण संवाद हुआ। जहां कथाव्यास पं0 नरेश तिवारी (लाखासर वाले) ने दुपट्टा ओढ़ाकर और कथा के मुख्य यजमान श्रीमति श्वेता देवेन्द्र तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। यहां उन्होंने समिति की मांग पर छत निर्माण हेतु दस लाख रूपये एवं कार्यक्रम हेतु पच्चीस हज़ार रूपये अनुदान की सहर्ष घोषणा की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ0 संदीप सिंह , कोषाध्यक्ष बेदनाथ तिवारी , उप कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्रीय , मंच संचालक हुनेश्वर सिंह राठौर , मृत्युंजय दत्ता , उमाशंकर मिश्रा , चित्रगोविंद पाटले , काशीनाथ गुप्ता , राजेश मिश्रा , मदन शर्मा , राजाराम तिवारी , वार्ड 13 के पार्षद सुषमा रामशंकर साहू सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उत्सव या प्रदर्शन

नवरात्रि का मंगल-पर्व कहाँ, अब क्रीड़ा का गंजन है,
भक्ति-सुरों की वीणा टूटी, स्वर-गर्जन ही वंदन है।।
गरबा की अनुपम गति अमल, अब रास नहीं उत्साह भरा।
पग-पग पर फैशन-रंग चढ़ा, मुख पर मुखौटा आभरा।।
श्रद्धा की सरिता सिमट गई, चंचल तरंग बहाती है।
संयम के दल में मौन पड़ा, बाज़ार-गान सजाती है।।
माँ के चरणों में जो भक्ति थी, वह शिष्टता में ही फलती।
अब आडंबर की अड़चनों में, पवित्रता कहीं मुरझलती।।
यदि जन जन पुनः सजग हो, मर्यादाएं फिर जागें।
तो नवरात्रि सौम्य तेज से, जग जीवन पथ आलागें।।



**ऋचा चंद्राकर**
**'तत्वाकांक्षी'**

## कालरात्र्यै नमः

सप्तम माँ कालरात्रि, अष्टभुजी खड्गधारी,
भयंकरा दैत्य नाशी,
रसज्ञा अगन है।
गर्दभ सवारी तेरी, कल्याणी माँ शुभंकरी,
तलवारधारी मैय्या,
साधक मगन है।
चामुण्डा रुद्राणी रौद्री, भद्रकाली महाकाली,
धूम्रवर्णा महेशानी,
तांत्रिक पूजन है।
कृपालु दयालु कर्ता, भक्त जन दुःख हर्ता,
'सुषमा' आशीष मिले,
भवानी वंदन है।

**सुषमा प्रेम पटेल**
**(रायगढ़/ रायपुर छ. ग.)**

## मां मैया मेरी

मैया तेरे आने से खिल उठे घर आंगन,
आशीष पाकर तेरे,मन हुए अति प्रसन्न।
सहारा बनने आई मां मैया मेरे द्वार,
मैया जी के आने दूर हुई अंधकार।
कष्ट विपत्ति जीवन की हटी विकार,
धन्न हुई जीवन मेरे मैया दर्शन पाकर।
मैया तेरे, ,,,,,,,,,,,,,,अति प्रसन्न।
मैया गौरी रूप अत्यंत दिव्य निराली,
अष्ट भुजाओं सहस्त्र धारण करने वाली।
माथे पे बिंदिया हाथों में कंगन पहनी,
पांव में पायल लाल वस्त्र चुनरी धारी।
मैया तेरे ,,,,,,,,,,,,,,,अति प्रसन्न।
दुर्गा मैया नव रूपों की आराधना को समर्पित,
नव रूपों में विभूषित होकर निकलती मैया नवरात।
भक्त करते मैया के दरवार में भजन कीर्तन जगरात,
मैया का गुणगान करता रहूं जब तक न होवे निशांत।
मैया तेरे ,,,,,,,,,,,,,,,अति प्रसन्न।
मां तेरी आंचल का बनके मैं सहारा,
मैया तेरी कृपा दृष्टि से खुले भाग्य हमारा।
चौखट पे जो भक्त आए कभी न हारा,
मां मैया तेरे गुणगान करे यह जग सारा।
मैया तेर ,,,,,,,,,,,,,,,अति प्रसन्न।



**नाम नरेश कुमार दुबे**
**ग्राम - बैतारी 'सरायपाली'**

## बाल कहानी: मन्नत के पौधे

शिशिर नदी के किनारे बैठा था। आज उसका मन हमेशा की तरह बहुत विचलित था। थोड़ी देर बाद उसे एक संत नदी की ओर आते हुए दिखाई दिया। वे शिशिर के पास आ कर बैठे।
शिशिर संत को बड़ी अचरज भरी निगाहों से देखने लगा। संत समझ गए कि यह बालक कुछ परेशान है।
संत ने शिशिर से पूछा- बालक ! तुम कुछ चिंतित दिखाई दे रहे हो ?
शिशिर नतमस्तक होकर बोला- हे संत शिरोमणि ! हाँ, सचमुच मैं बहुत चिंतित हूँ। मुझे अपने कुछ प्रश्नों के उत्तर नहीं मिल रहे हैं।
संत शिशिर के सर पर हाथ रखते हुए बोले- वत्स ! इस संसार में ऐसा कोई प्रश्न नहीं है, जिसका उत्तर न हो। प्रश्नों के साथ ही उत्तर की व्युत्पत्ति होती है। बस, हमें प्रश्न का उत्तर ढूँढने आना चाहिए। आखिर प्रश्न क्या है तुम्हारा ? बताओ।
शिशिर ने संत के समक्ष अपनी बात रखी- मैं कुछ ऐसा काम करना चाहता हूँ, जो कुछ अलग हो।
क्या अलग सा काम करना चाहते हो ? संत शिशिर की ओर हाथ बढ़ाते हुए बोले।
शिशिर कहने लगा- नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है। श्रद्धा-भक्ति के इस अवसर पर देवी-देवताओं को बेजुबान पशुओं की बलि चढ़ाई जायेगी। इसे मैं रोकना चाहता हूँ। इसके लिए मुझे आपका मार्गदर्शन चाहिए।
हाथ जोड़े हुए शिशिर को देख संत ने कहा- बस ! इतनी सी बात ! इसके लिए तुम जो कुछ भी करना चाहते हो, स्वयं ही शुरुआत करो।
वो कैसे संत श्री ! बताइए न। शिशिर के मुखमंडल पर प्रसन्नता की लालिमा सी दिखाई दी।
संत बोले- पुत्र ! नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही पौधा लगाना प्रारंभ कर दो।
फिर क्या होगा संतश्रेष्ठ ? शिशिर के माथे पर सिकनभरा प्रश्न उठा।
पहले मेरी बातें सुनो बालक। संत ने शिशिर को बीच में ही टोकते हुए कहा- एक तख्ती में मन्नत का पौधा लिख कर पौधे पर बाँध दो। फिर जो भी कार्य तुम करना चाहते हो वह पूर्ण हो जायेगा। संत वहाँ से प्रस्थान कर गये।
दूसरे दिन शिशिर ने अपने घर के सामने एक पौधा लगाया और संत के कहे अनुसार पौधे का देखभाल करने लगा। गाँव के एक व्यक्ति ने शिशिर से पूछा- अरे शिशिर ! ये क्या लिखे हो पौधे पर। मन्नत का पौधा ? शिशिर मुस्कुराते हुए बड़ी विनम्रतापूर्वक बोला- जी काका जी। मैंने देवी माँ से जो मन्नत माँगी थी, वो पूर्ण हुई। सो उसकी याद में मैंने एक पौधा लगाया है, और लिखा है- मन्नत का पौधा।
अरे...! देवी माँ से मन्नत माँगने पर तो हम बकरे की बलि देते है न ? और ये जरूरी भी तो है। तुम्हारा यह सब क्या है ?
काका जी के पेट में शिशिर की बात कुछ पच नहीं रही थी। उसने शिशिर की पौधे की मन्नत वाली बात एक दूसरे व्यक्ति से कही। बात दूसरे से तीसरे व्यक्ति के पास चली गयी। इस तरह बात पूरे गाँव में जंगल की आग की तरह फैल गयी। दो-तीन दिन बाद गाँव वाले शिशिर के घर जा पहुँचे।
एक दिन सूर्योदय के समय शिशिर पौधे पर पानी डाल रहा था कि पीछे शोरगुल सुन रूक गया; और पूछा कि आप सभी यहाँ कैसे।
हुजूम में से एक बुजुर्ग बोलेङ्क बेटा शिशिर हम सभी बेवकूफ हैं क्या, जो तेरे झाँसे में आ जाएँगे।
कैसी बातें कर रहे हैं दादा जी आप ? मैं कुछ समझा नहीं। शिशिर ने कहा।
अरे बेटा, हम हर साल देवी माँ को बकरे की बलि देकर मन्नतें पूरी करते हैं; और तुम इसे बदलना चाहते हो ? पता नहीं, आजकल के तुम युवा हमारे रीतिङ्करिवाजों को क्यों बदलना चाहते हो ? और ऐसा करना देवी माँ का अपमान नहीं है ? बुजुर्ग का स्वर तीखा हो चुका था।
शिशिर ने बड़े ही कोमल स्वर में जवाब दियाङ्क माफ कीजिएगा दादा जी ! मैंने यह बात न तो किसी को बताई है; और न हीं किसी को बताना चाहता हूँ। बस मुझे अपने फायदे के लिए किसी बेजुबान की जान लेना अच्छा नहीं लगता। अपनी मन्नत के लिए एक पौधा लगा रहा हूँ।
काका जी बोले- क्या सच में एक पौधे लगाने से तुम्हारी मनोकामना पूरी हो गई ?
जी काका जी। संसार में हर जीव देवी माँ की ही संतान हैं, तो भला वह अपने ही बच्चों की बलि कैसे लेंगी। गाँव के लोगों पर शिशिर की बातों का धीरेङ्कधीरे असर पड़ने लगा।
तभी एक व्यक्ति मुँह बनाते हुए बोला- अरे भाई, मैं हर साल मन्नत माँगने से पहले एक बकरे की बलि देता हूँ। हर साल दसङ्कबीस हजार खर्च करता हूँ; और तुम एक पौधे से ही अपनी मन्नत पूरी होने की बात कर रहे हो। तुम एक बेवकूफ हो, या फिर हमें बेवकूफ बना रहे हो।
थोड़ी देर बाद बुजुर्ग व्यक्ति बड़े क्रोधित स्वर में बोले- ठीक है शिशिर ! हम भी देखते हैं। यदि तुम्हारी बातें सच नहीं हुई तो इस पौधे को उखाड़ कर फेंकूँगा।
ठीक है दादा जी। और हाँ दादा जी सिर्फ मेरे पौधे उखाड़ने या बदला लेने की भावना से माँ को कुछ नहीं बोलना। शिशिर ने कहा।
दादा जी मूँछे ऐंठते हुए वहाँ से चले गए। गाँव वाले भी प्रस्थान कर गये। कुछ लोग तो अपनी अंधविश्वास व दकियानूसी बातों पर अडिग रहे। कुछ लोगों को शिशिर की बातें भा गयी; उन्होंने भी एकङ्कएक पौधा लगाना प्रारंभ किया।
कुछ दिन बाद उस बुजुर्ग व्यक्ति ने सच्चे मन से माता के दरबार में अपनी इच्छा रखी। उनकी बरसों की इच्छा आज पूर्ण हुई। वे फूले नहीं समा रहे थे। गाँव में घोषणा कर दी कि इस नवरात्रि से हम सब वचन देते हैं कि कभी किसी बेजुबान पशु-पक्षी की जान नहीं लेंगे। उनके स्थान पर मन्नत का पौधा लगाएँगे। और उसकी रक्षा करेंगे।
इस तरह देवी माँ के सामने सभी नतमस्तक होकर क्षमा माँगने लगे। और शिशिर को बुजुर्ग व्यक्ति बड़े गर्व के साथ कहने लगे कि आज शिशिर न होता, तो हमारा पाप बढ़ता ही जाता। हमें गर्व है बेटा तुम पर। परलोक गमन करने से पहले ही तुमने हमारी आँखें खोल दी।
आज शिशिर बहुत खुश था। वह मन ही मन संत के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहा था। गाँव में सर्वत्र



हरे-भरे पेड़-पौधे अंगड़ाई लेते हुए हवा के साथ झूम रहे थे।

**प्रिया देवांगन प्रियू**
**राजिम जिला - गरियाबंद**
**छत्तीसगढ़**

## सू-दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**छले सु-दोकू का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**पिछले शब्द सामर्थ्य का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आपका करीबी आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज काम शुरू करते वक्त आपको सोच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। नेत्र संबंधित समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। मां दुर्गा को पान का पत्ता अर्पित करें, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वॉइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। माता के आगे माथा टेके, कारोबार में बढ़ोतरी होगी।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए। आज आप नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। व्यापार में थोड़ा बदलाव लाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज किसी कन्या के पैर छूकर आशीर्वाद लें, आपकी मेहनत रंग लायेगी।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। स्कन्द माता को फूल अर्पित करें, मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस में डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा। मां दुर्गा की उपासना करें, आपके आय में बढ़ोतरी होगी।

**तुला राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। दुर्गा जी की आरती करें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। माता के सामने घी का दीपक जलाएं, जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

**धनु राशि-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य अनुसार सहायता करेंगे। सफलता की नई किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। दुर्गा स्त्रोत का पाठ करें, स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**मकर राशि-** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप मशीनरी खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेमभाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। स्कंदमाता को मीठे का भोग लगाएं, किस्मत का साथ मिलता रहेगा।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा, लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा। परिवार के साथ माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**मीन राशि-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे। सिविल इंजीनियर्स का आज पहले का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आपके सभी रुके हुए काम बनेंगे।

# चांपा नगर मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान कार्यक्रम का आयोजन

**चांपा।** चांपा नगर मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर के भगिनी निवेदिता कक्ष में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना कार्यकर्ताओ को वैचारिक रूप से मजबूत करना तथा उन्हें जनसेवा के लिए प्रेरित करना रहा है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जांजगीर चांपा जिले के भाजपा जिला संगठन प्रभारी रामदेव कुमावत, सह- संगठन प्रभारी राजेंद्र वैष्णव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल मंडल प्रभारी श्रीमती रजनी सत्तू साहू, मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, लक्ष्मीचंद देवांगन, शिशुपाल सिंह राजपूत,सलीम मेमन ,गुलाब सिंह चंदेल ,मीरा मिहीर पत्कि, संतोष सोनी,ग्यारसी मोदी, यशवंत साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में जिला कार्यालय मंत्री प्रदीप सराफ, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, अमर सुल्तानिया, प्रशांत सिंह ठाकुर, नंद चौधरी, श्रीमती कमला देवी पाटले ने अपना मार्गदर्शन प्रदान किया समापन सत्र में जांजगीर चांपा भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े जी, एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह जब्बल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंडित



दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं उनके विचारों एवं अंत्योदय की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली सामाजिक समरसता सेवा कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत मंडल महामंत्री राम बल्लभ सोनी गोपीचंद बरेठ उपाध्यक्ष नरेंद्र ताम्रकार रजनी देवांगन मंगल चंद देवांगन गेंद राम कुर्रे कौशल अग्रवाल,पीतांबर अग्रवाल, नंदकुमार देवांगन, पार्षद ईश्वर देवांगन, मोनी मिश्रा, रमेश सोनझरी, संतोष देवांगन, राजन गुप्ता, भगवंतीन साहू, पुष्पा सिंह, गौतम यादव, रिंकू मोदी, विक्रांत बघेल, रोहित पटेल, राम चरण पटेल, गंगाराम मांझी, शिव प्रसाद यादव, धीरज सोनी, अमर देवांगन जय मोंटू गोपाल, हितेश सिंह राज, संत सोनंत, राजू दास महंत,लव देवांगन, गौकरण पटेल, लक्ष्मी पटेल, प्रदीप यादव, आदर्श पांडे, अजय सोनवानी, लक्की बघेल विनय, बघेल देवव्रत देवांगन विकास सोनी, ललित प्रधान, प्रदीप स्वर्णकार, गणेश श्रीवास,आराधना श्रीवास, सत्य प्रकाश सोनी, सुनील सोनीपूनम राय, श्वेता श्रीवास, धनेश्वरी जागृति अन्नपूर्णा सोनी, भगवती संतोष देवांगन एवं भाजपा के अन्य पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले वाहनों को किया जप्त



**जांजगीर चाम्पा।** खनिज विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर बीते तीन दिनो मे अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले वाहनो को जप्त किया है। जिले मे खनिजों के अवैध खनन करने वालो पर विभाग द्वारा लगातार धरपकड़ कर कार्रवाई की जा रही है।

जिले मे रेत माफिया सहित अन्य खनिजो का अवैध उत्खनन करने वालो की संख्या बढ़ी हुई है। रात का अंधेरा हो या दिन किसी भी समय खनिज सम्पदा की चोरी बदस्तूर जारी है। हालांकि इसे रोकने के लिए विभाग ने भी अपनी कमर कस रखी है। जिले के विभिन्न अवैध रेत घाटो मे आए दिन दबिश देकर कारवाई किए जा रहे है। रेत के अलावा अवैध ईट भट्टो, चुना पत्थर सहित गिट्टी के रायल्टी चोरी को रोकने के लिए लगातार कारवाई कर वाहन जप्त किए जा रहे है। इसी कडी मे खनिज विभाग द्वारा 20 मार्च को खोखरा चौक मे रेत से भरे 2 ट्रैक्टर व 2 हाईवा जप्त किया है। वहीं रक्षित केंद्र जांजगीर के पास रेत से भरे एक ट्रैक्टर और 1 हाईवा को पकड़ा गया है। साथ ही शिवरीनारायण क्षेत्र से 2 और पामगढ क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर अवैध ईट से भरे वाहन, बिर्रा थाना क्षेत्र से 3 ट्रैक्टर गिट्टी व 1 ट्रैक्टर रेत जप्त कर उनपर नियमानुसार कारवाई किया गया है।

# चांपा में धीवर समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई गुहा निषाद राज की जयंती

**चांपा।** नवयुवक धीवर समाज भोजपुर के तत्वाधान में सोमवार 23 मार्च को सुबह 10 बजे भोजपुर से बाजे गाजे एवं आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत धीवर समाज महासभा बिलासपुर के संभागीय अध्यक्ष देवव्रत भीष्म, महासचिव वेदप्रकाश धीवर, पूर्व संरक्षक बलिराम लहिमोर, समाज सेवी अशोक जलतारे के द्वारा भगवान श्री रामचंद्र एवं गुहा निषाद राज की तैलचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर शोभायात्रा प्रारंभ किया गया। शोभायात्रा भोजपुर के अक्षय धीवर घर के समीप मां सम्लेश्वरी मंदिर से प्रारम्भ हुई। ज़ो लिंक रोड अंडर ब्रिज होकर थाना चौक, मोदी चौक, सदर बाजार, समलेश्वरी मंदिर, कदम चौक होते हुए भोजपुर कार्यक्रम स्थल पहुंची। शोभायात्रा में राम दरबार की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। जिसमें प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता एवं गुहा निषाद राज जी नाव पर विराजमान रहे। शोभायात्रा का चांपा नगरवासियों ने जगह - जगह स्वागत किया। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी रामा क्लॉथ स्टोर्स एवं लठारे ट्रेडर्स द्वारा शोभायात्रा में शामिल भक्तों को अपने संस्थान के पास कोल्ड्रिंक्स एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी। जिसकी सराहना सभी ने की। कार्यक्रम



में मुख्य अतिथि के रूप में ब्यास कश्यप विधायक जांजगीर चाम्पा, बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर एवं राजेश अग्रवाल जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी जांजगीर चाम्पा उपस्थित रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय धीवर समाज महासभा अध्यक्ष देवव्रत भीष्म (संजू), महासचिव वेदप्रकाश धीवर, कोषाध्यक्ष महावीर धीवर, जनपद पंचायत नवागढ़ सभापति अखिलेश भीष्म, सरपंच ग्राम पंचायत अवरीद गीता श्याम धीवर, सरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी कमोद धीवर, अशोक जलतारे वरिष्ठ समाज सेवक, चंदन धीवर विधायक प्रतिनिधि जैजैपुर, नगर पालिका परिषद चांपा के पार्षद ईश्वर देवांगन, अशोक देवांगन, पवन साहू, मंगलदास महंत एवं पूर्व पार्षद नागेन्द्र गुप्ता, डुग्गु प्रधान उपस्थित थे। विधायक व्यास कश्यप ने धीवर समाज के इतिहास को याद दिलाते हुए कहा कि यह समाज प्रभु श्री राम के बाल सखा अनन्य भक्त गुहा निषाद राज का वंशज है। इस समाज समाज के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन मत्स्य पालन रहा है। परन्तु वर्तमान में समाज को शिक्षा राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रयास करना चाहिए और समाज के विकास का आधार ही शिक्षा है। विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि धीवर समाज प्रभु श्री राम के पदचिन्हो पर चलने वाला आदर्श समाज है। जिस समाज ने प्रभु श्री राम की नैय्या पार लगाई हो ऐसे समाज को मेरा प्रणाम है। कार्यक्रम को राजेश अग्रवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, देवव्रत भीष्म अध्यक्ष महासभा, पूर्व संरक्षक बलिराम लहिमोर, समाज के भीष्म पितामह चैतराम धीवर एवं वरिष्ठ समाज सेवी अशोक जलतारे ने भी सम्बोधित किया। अंत में महासभा की ओर से नवयुवक धीवर समाज भोजपुर को धीवर समाज के आराध्य देवी देवताओं की फ्रेम फोटो भेंट किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से धीवर समाज के महासभा कार्यकारिणी सदस्य रामलाल धीवर, प्रकाश धीवर, रेंज अध्यक्ष बिशेश्वर धीवर, महासभा मीडिया प्रभारी मनीष भीष्म, केंद्र अध्यक्ष संतोष धीवर, शिव धीवर, शिवकुमार धीवर, धीवर समाज ट्रस्ट कोरबा अध्यक्ष राजेश धीवर, सहसचिव कोमल जलतारे, पत्रकार रामबनबास धीवर, अक्षय धीवर, कृष्ण कुमार धीवर, शांतिलाल धीवर, मनभावन धीवर, श्यामलाल धीवर, मिथिलेश धीवर, राजू धीवर, अनिल धीवर, टीकाराम धीवर, मोहित धीवर, बलिराम धीवर, मनीष धीवर, बाबूल धीवर, कौशल धीवर, सेवक धीवर सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# पेंशनरों के लिए 3 प्रतिशत महंगाई राहत देने का आदेश शीघ्र प्रसारित करे सरकार

**चाम्पा।** भारतीय जनता पार्टी ने विधान सभा चुनाव के पूर्व अपने चुनावी घोषणा पत्र में राज्य के अधिकारियों ,कर्मचारियों,पेंशनरों, परिवार पेंशनरों को वादा किया था कि जब जब केन्द्र सरकार अपने अधिकारियों, कर्मचारियों,पेंशनरों को महंगाई भत्ता देगी ,उसी माह से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार भी अपने अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों को भी उसी माह से उसी दर पर महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देगी।परंतु राज्य सरकार अपने इस वादे से मुकर रही है।कर्मचारियों ,पेंशनरों को विलंब से महंगाई भत्ता,महंगाई राहत प्रदान किया जाता है।इससे कर्मचारियों ,पेंशनरों को एरियर्स राशि में घाटा हो रहा है।वर्तमान में राज्य के सवा लाख से अधिक पेंशनर एवम परिवार पेंशनरों का जुलाई 2025 से 3त्न महंगाई राहत लंबित है।भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवम छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने छत्तीसगढ़ सरकार से यह मांग किया है कि शीघ्र ही राज्य के पेंशनरों के लिए



3त्न महंगाई राहत का आदेश प्रसारित करे।भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन 2000 की धारा 49(6) के कारण छत्तीसगढ़ सरकार को पेंशनरों के महंगाई राहत प्रदान करने हेतु मध्यप्रदेश सरकार से सहमति प्राप्त करना होता है।चूंकि मध्यप्रदेश सरकार ने अपने केबिनेट की बैठक में अपने राज्य के पेंशनरों को 3त्न लम्बित महंगाई राहत देने का निर्णय ले लिया है अतः अब छत्तीसगढ़ शासन को भी अपने राज्य के पेंशनरों को 3त्न लंबित महंगाई राहत को देने में देर नहीं करना चाहिए। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र नामदेव,राष्ट्रीय संगठन मंत्री टी पी सिंह और प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी आज महासमुंद ,बलौदा बाजार,सारंगढ़ बिलाई गढ़,रायगढ़ जिले के संगठनात्मक प्रवास के दौरान कुछ समय के लिए चांपा में रुके हुए थे।भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के विधिवत गठन पर सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा होने पर राष्ट्रीय एवम प्रदेश पदाधिकारियों ने जिला शाखा जांजगीर चांपा के समस्त पेंशनरों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया।इस अवसर पर जिला शाखा जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ,उपाध्यक्ष ए आर घृत लहरे, उत्तम कुमार देवांगन आदि ने राष्ट्रीय महामंत्री एवम प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, राष्ट्रीय संगठन मंत्री टी पी सिंह,प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार गोल्हानी का कोसेय शाल भेंटकर सम्मानित किया। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय एवम प्रांतीय पदाधिकारियों के आगमन पर प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा,जनपद पंचायत बम्हनी डीह के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सराफ,नंदा बुक डिपो के संचालक नागेन्द्र गुप्ता,छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के अध्यक्ष रविन्द्र द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने आत्मीय स्वागत किया।

# हम सब भक्त माता कर्मा के वंशज - बालेश्वर साहू

## धनेली में साहू समाज का शपथ ग्रहण एवं समारोह सम्पन्न



**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत में धनेली में शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहू समाज के जिलाध्यक्ष एवं जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार साहू तहसील अध्यक्ष जांजगीर कर रहे थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति एवं संयोजक व्यापार प्रकोष्ट प्रदेश साहू संघ छ.ग. राजकुमार साहू, मोहन कुमारी साहू सभापति जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा एवं पूर्व उपाध्यक्ष महिला प्रदेश साहू संघ छ.ग., प्रेम शंकर साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ जांजगीर, अशोक कुमार साहू कार्यकारी अध्यक्ष जिला साहू संघ जांजगीर, हेमंत कुमार साहू जिला कोषाध्यक्ष साहू संघ जांजगीर, श्रीमती सुभद्रा साहू जिला महिला उपाध्यक्ष साहू संघ जांजगीर, बोधी राम साहू महासचिव जिला साहू संघ जांजगी, फिरतु साहू संगठन सचिव जिला साहू संघ जांजगीर, रत्ना साहू महिला संगठन सचिव जिला साहू संघ जांजगीर, नेहा साहू जिला पंचायत सदस्य जांजगीर, जे.सी. साहू नगर अध्यक्ष साहू संघ जांजगीर, रामचरण साहू तहसील अध्यक्ष बलौदा, ईश्वर साहू तहसील अध्यक्ष बम्हनीडीह, शिवकुमार साहू तहसील अध्यक्ष नवागढ़, मनोज साहू तहसील अध्यक्ष पामगढ़, राजेन्द्र साहू तहसील अध्यक्ष अकलतरा मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भक्ति माता कर्मा के तेल चित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात साहू समाज द्वारा निर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण कराया गया। ल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज के लोगों का सम्मान भी किया गया। साहू समाज के जिला अध्यक्ष एवं जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि हम सब भक्त माता कर्मा के वंशज हैं हमें उन्हीं का आशीर्वाद प्रदान हुआ है, उन्ही के कृपा से आज साहू समाज की अलग पहचान हैं, साहू समाज कोई परिचय का मोहताज नहीं। इस दौरान इतवार साय साहू, उषा साहू, शोद्रा साहू, भारती साहू, शांति साहू, रामायण साहू, भारती साहू, छीता बाई साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# खोखरा गांव स्थित मां मानकादाई मंदिर श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र, नवरात्रि में उमड़ रही भीड़

**जांजगीर-चांपा।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर जिले के खोखरा गांव स्थित मां मानकादाई मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करा रहे हैं।नवरात्रि के दौरान छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु मां मानका दाई के दर्शन के लिए आते हैं। यहां चार हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जा रहे हैं। श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की कामना लेकर माता के दरबार में मत्था टेकते हैं।मंदिर के पास तालाब किनारे नौ दिनों तक भव्य मेला लगता है। जिले के अलग-अलग गांवों से लोग यहां पहुंचकर मेला का आनंद उठाते हैं। मंदिर परिसर, तालाब और आसपास का प्राकृतिक वातावरण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मां मानकादाई पब्लिक ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है। हर दिन हजारों भक्त दर्शन के बाद प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण करते हैं।



# अड़भार मां अष्टभुजी का दिव्य दरबार अग्रवाल ऐरन सपरिवार चांपा दर्शन लाभ लेने पहुंचे



**चांपा।** चैत्र नवरात्रि के सुअवसर पर मां दुर्गा जी की विशेष आराधना की जाती है व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते हैं हर भक्त की अभिलाषा होती है की माता रानी के दर्शन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करें चैत्र नवरात्रि महापर्व पर माता रानी के हमें दर्शन लाभ का सौभाग्य प्राप्त हो ऐसी अभिलाषा लेकर दर्शन को गए माता रानी के दरबार पर इसी कड़ी में डागा कॉलोनी बरपाली चौक स्टेशन रोड निवासी स्वर्गीय रोशन लाल अग्रवाल के पुत्र एवं पुत्रवधू अजय मधु अंशिका लक्ष्य अग्रवाल ऐरन परिवार चांपा ने शक्ति स्वरूपा मां भगवती अड़भार अष्टभुजी मां के दिव्य दरबार पहुंचकर मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया वहां के पुजारी जी के सानिध्य में मां के पावन चुनरी उढांकर दर्शन लाभ लेकर श्रद्धा सुमन फूल पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किए मां सभी की मनोकामनाएं पूरी करें माता रानी के दरबार में एक बार फिर हाजिरी लग जाए ऐसी अभिलाषा जय मां अड़भार अष्टभुजी दिव्य दरबार मां मातारानी आपका आशीर्वाद सदैव अग्रवाल ऐरन सपरिवार चांपा पर बना रहे !!

# पेपर लीक की सजा छात्रों को क्यों, सरकार और माशिमं की लापरवाही–नागेंद्र गुप्ता

**चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा 12वीं बोर्ड के हिंदी प्रश्नपत्र को पर्चा लीक होने के बाद रद्द कर पुनः परीक्षा लेने का निर्णय लाखों छात्रों के साथ अन्याय है। इस निर्णय पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नागेंद्र गुप्ता ने भाजपा सरकार की लापरवाही बताते हुए कहा कि यह मामला न केवल परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि सरकार और शिक्षा तंत्र की गंभीर लापरवाही को भी उजागर करता है। 14 मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा का प्रश्नपत्र 13 मार्च को ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। बावजूद इसके, प्रारंभ में माशिमं के अधिकारी और सरकार के जिम्मेदार मंत्री पर्चा लीक की घटना से इनकार करते रहे। जब मामला तूल पकड़ने लगा, विपक्ष और छात्र संगठनों ने आवाज उठाई, और मामले को विधानसभा में भी उठाया गया जिसमें शिक्षा मंत्री ने भी प्रश्न पत्र लिक होने की बात से इनकार किया था तब जाकर परीक्षा समिति ने इसे पर्चा लीक मानते हुए परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया। सबसे बड़ा सवाल यह है। की सरकार और मंडल की गलती की सजा आखिर छात्र-छात्राएं क्यों भुगतें लगभग 2.5 लाख परीक्षार्थियों को दोबारा परीक्षा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह निर्णय



छात्रों के मानसिक दबाव, समय और भविष्य–तीनों के साथ खिलवाड़ है। चिंताजनक बात यह है कि, इतनी बड़ी घटना के बाद भी अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ना ही मंडल द्वारा कोई ठोस विभागीय जांच शुरू की गई है। इससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह घटना केवल एक पर्चा लीक का मामला नहीं है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की कमजोरियों का आईना है। यदि समय रहते दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी, जिससे छात्रों का भरोसा पूरी तरह टूट जाएगा। पर्चा लीक मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए छात्रों को पुनः परीक्षा से राहत देने के विकल्पों पर विचार किया जाए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए। छात्र देश का भविष्य हैं। उनके साथ इस तरह का अन्याय किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। सरकार को अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए तत्काल ठोस कदम उठाने होंगे भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ सरकार परीक्षा की गोपनीयता बरकरा नहीं रह सकती वह छत्तीसगढ़ की सुरक्षा व्यवस्था पर क्या उम्मीद की जा सकती है।

# एक दिन में 919 लीटर अवैध शराब और 2 बाइक जब्त, 36 आरोपी गिरफ्तार

## जिलेभर में 35 आबकारी प्रकरण दर्ज, 21 को भेजा जेल, 1 लाख 23 हजार रुपए की भारी मात्रा में देशी, अंग्रेजी और महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन में जिले में 'ऑपरेशन आघात' के तहत अवैध शराब के विरुद्ध रविवार 22 मार्च से तीन दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। इस सघन अभियान के दूसरे दिन भी पुलिस ने जिलेभर में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 35 आबकारी प्रकरण दर्ज किए हैं। इस दौरान बड़ी मात्रा में महुआ शराब (898 ली) के साथ देशी-अंग्रेजी कुल 919 लीटर अवैध शराब जब्त की गई तथा 21 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जप्त शराब की कुल कीमत करीब 1 लाख 23 हजार रुपए है।

अभियान के दूसरे दिन छाल थाना क्षेत्र में सबसे बड़ी कार्रवाई सामने आई, जहां ग्राम बेहरामार में रेड कार्रवाई कर अवैध शराब निर्माण के पूरे सेटअप को ध्वस्त किया गया। मौके से 530 लीटर महुआ शराब जब्त की गई तथा करीब 1000 किलो महुआ पास को नष्ट किया गया। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, मुख्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है।




### सिन्टेक्स टंकी छुपा रखी थी शराब, छाल क्षेत्र का मामला

छाल पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम बेहरामार में रेड कर मौके पर आरोपी जयपाल राठिया पिता कोलसिंह राठिया उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी जयलाल राठिया ने गांव के प्रदीप बेहरा द्वारा अवैध शराब निर्माण करना बताया जो पुलिस रेड की सूचना पर फरार हो गया था। पुलिस ने मौके से 400 लीटर सिन्टेक्स टंकी में, 120 लीटर जरीकेन में तथा 10 लीटर बोतलों में भरी कुल 530 लीटर महुआ शराब, शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। छाल पुलिस ने आरोपी जयलाल राठिया को गिरफ्तार का रिमांड पर भेजा है और फरार आरोपी प्रदीप कुमार बेहरा पिता लक्ष्मीनारायण बेहरा उम्र 40 वर्ष की तलाश जारी है।

### थाना चक्रधरनगर की दो बड़ी कार्रवाई, 81 लीटर शराब जब्त

चक्रधरनगर पुलिस ने ग्राम बरलिया में आरोपी जगदीश सारथी पिता स्व. भागीरथी सारथी उम्र 56 वर्ष से 51 लीटर तथा ग्राम नवापाली में आरोपी अजय चौहान पिता महेत्तर चौहान उम्र 22 वर्ष से 30 लीटर महुआ शराब जब्त की।

### ओडिसा से ला रहे थे शराब, पुसौर पुलिस ने दबोचा

पुसौर पुलिस ने ग्राम तरडा में घेराबंदी कर आरोपी जयकुमार यादव पिता वेणुधर यादव उम्र 35 वर्ष एवं देमति साव पति महेन्द्र कुमार साव उम्र 38 वर्ष को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 100 पाउच (18 लीटर) महुआ शराब जब्त की गई।

### ढाबा में गुपचुप शराब की बिक्री, घरघोडा पुलिस की कार्रवाई

**घरघोड़ा पुलिस ने ग्राम कोनपारा में आरोपी राजेश चौहान पिता सुशील चौहान उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की, जिसे वह ढाबा में बिक्री हेतु छिपाकर रखा था। वही ग्राम टेरम जुनाडीह में आरोपी दिलबोध राठिया (58 साल) से 15 लीटर एवं ग्राम करीकछार में आरोपी हेमलाल राठिया से 70 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त कर कार्रवाई की गई है।**

### थाना पूंजीपथरा की खेत और घर दोनों जगह रेड

**पूंजीपथरा पुलिस ने ग्राम गुड्गुड में आरोपी एतवार सिंह राठिया पिता धरम सिंह राठिया उम्र 45 वर्ष से 12 लीटर तथा ग्राम तराईमाल में आरोपिया कुमारी उरांव पति सहेश लाल उरांव उम्र 36 वर्ष से 6 लीटर महुआ शराब जब्त की।**

### बाड़ी में छिपाकर रखी शराब जब्त

**भूपदेवपुर पुलिस ने ग्राम गिण्डोला में आरोपी मनोहर राठिया पिता स्व. रूप सिंह राठिया उम्र 40 वर्ष तथा ग्राम कुर्रूभाठा में आरोपी 'शगंगोली लाल रावत पिता महेश राम रावत उम्र 55 वर्ष के कब्जे से कुल 14 लीटर महुआ शराब जब्त की।**

### थाना खरसिया की लगातार तीन रेड कार्रवाई

**खरसिया पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी श्यामलाल केंवट पिता स्व. लाल दास केंवट उम्र 33 वर्ष से 9 लीटर, संजय तुरी पिता करम सिंह उम्र 36 वर्ष से 10 लीटर तथा नारायण प्रसाद तुरी पिता करम सिंह उम्र 27 वर्ष से 10 लीटर महुआ शराब बरामद की।**

### थाना तमनार की कार्रवाई परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**तमनार पुलिस ने ग्राम महलोई में आरोपी लोचन प्रसाद सिदार पिता गोपाल सिदार उम्र 37 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद की, जिसे वह पाउच में परिवहन कर रहा था।**

# जूटमिल प्रबंधन सहित दर्जनभर से अधिक बकायेदारों ने जमा किया संपत्ति कर

### निगम प्रशासन की सख्ती का असर, लाखों रुपये की हुई वसूली

**रायगढ़।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रॉपर्टी, वाटर टैक्स एवं यूजर चार्ज वसूली अभियान का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। निगम की सख्ती और लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते जूटमिल प्रबंधन समिति सहित दर्जनभर से अधिक बड़े बकायेदारों ने आगे आकर अपना बकाया संपत्ति कर जमा किया है।

जूटमिल प्रबंधन द्वारा 26,38,418 रुपए की बड़ी राशि जमा की गई। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 41 की सुशीला देवी दृ पवन अग्रवाल द्वारा 89, 602 रूपए, वार्ड क्रमांक 23 के राधेश्याम अग्रवाल द्वारा 2,04,199 रुपए, वार्ड क्रमांक 5 के एस एस बिल्डर द्वारा 79,802 रुपए, मोदी कंपलेक्स के संचालक द्वारा 1,07,924 रुपए, शांति बाई दृ धीरज कुमार द्वारा 56,255 रुपए, साई श्रद्धा होटल संचालक द्वारा 1,00,000 रुपए, वार्ड 5 के बसंत कुमार गोविंद अग्रवाल द्वारा 1,00,000 रूपए, बैजनाथ दृ पूनम चंद्र अग्रवाल द्वारा 90,4,09 रूपए तथा वार्ड क्रमांक 45 के कैलाश शर्मा द्वारा 77,804 रूपए की राशि संपत्ति कर के रूप में जमा की गई।

निगम की राजस्व टीम द्वारा बड़े बकायेदारों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं, तथा व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर संपत्ति समेकित जलकर एवं यूजर चार्ज जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि बड़ी संख्या में बकायेदार स्वयं आगे आकर कर जमा कर रहे हैं। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि राजस्व वसूली को प्राथमिकता देते हुए निगम कार्यालय में सप्ताह के सातों दिन, यहां तक कि अवकाश के दिनों में भी, कार्यालय समय पर टैक्स जमा किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का लाभ उठाते हुए संपत्ति कर, जलकर, समेकित कर, यूजर चार्ज एवं दुकान किराया समय पर जमा करें, जिससे अतिरिक्त सरचार्ज एवं दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन बड़े बकायेदारों द्वारा अब तक कर जमा नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध सीलिंग, कुर्की एवं अन्य विधिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# रायगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा बुलेट चोर गिरोह

## 1 आरोपी व 5 विधि से संघर्षरत बालक पकड़े गए, खरसिया क्षेत्र में की थी चोरी, 3 बुलेट बरामद

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खरसिया पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक युवक एवं 5 विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

प्रकरण में 22 मार्च को प्रार्थी दीपक मेघानी, निवासी हनुमान चौक पुरानी बस्ती खरसिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी बुलेट मोटरसाइकिल को अज्ञात आरोपियों द्वारा घर के आंगन से चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर चौकी खरसिया में धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि रायगढ़ के ढिमरापुर क्षेत्र के रोहित चौहान एवं उसके साथी नई बुलेट में घूम रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए रितेश सुनानी उर्फ रोहित चौहान (19 वर्ष) निवासी ढिमरापुर पुरानी बस्ती रायगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर खरसिया क्षेत्र से बुलेट चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ ट्रेन एवं मोटरसाइकिल से रात के समय खरसिया जाकर सुनसान स्थानों से बुलेट चोरी करता था। 19 मार्च को पुरानी बस्ती खरसिया निवासी दीपक मेघानी की बुलेट चोरी कर रायगढ़ लाया गया। इसके पूर्व 18 मार्च को गंजपीछे खरसिया निवासी प्रदुमन गर्ग बुलेट क्रं. सीजी 13 एए 0747 की तथा उससे पहले 14 मार्च को न्यू पोस्ट आफिस रोड खरसिया निवासी आर्यन बंसल की बुलेट सीजी 13 व्ही 8329 चोरी की गई थी, जिन्हें पेट्रोल समाप्त होने पर खरसिया रेलवे साइडिंग के पास खंडहर में छिपा दिया गया था। आरोपियों के मेमोरेंडम पर चोरी की गई तीनों बुलेट मोटरसाइकिल एवं घटना में प्रयुक्त हीरो होंडा सीडी डीलक्स बाइक कुल कीमत लगभग 3.50 लाख बरामद की गई है। प्रकरण में आरोपी रितेश सुनानी उर्फ रोहित चौहान पिता प्रकाश सुनानी उम्र 19 वर्ष सा. ढिमरापुर पुरानी बस्ती रायगढ़एवं 5 विधि से संघर्षरत बालकों को सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



# लैलूंगा क्षेत्र में ड्रोन से अफीम की लगातार हो रही निगरानी

### अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तमनार क्षेत्र के आमाघाट से लेकर लैलूंगा विकासखंड के नवीन घटगांव एवं मुड़ागांव तक जिला प्रशासन, पुलिस, कृषि, आबकारी, एफएसएल एवं एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक कार्रवाई की गई। ड्रोन तकनीक के माध्यम से दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी संभव हो सकी है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल है।

विदित हो कि तमनार क्षेत्र के ग्राम आमाघाट में अवैध अफीम खेती की सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 60,326 अफीम के पौधे एवं 3 किलोग्राम प्रोसेस कर तैयार अफीम जब्त की गई। इस मामले में आरोपी मार्शल संगा एवं उसके साथी एमानुएल भेंगरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई के बाद जिले में अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध प्रशासन एवं पुलिस सघन फिजिकल एवं ड्रोन सर्वे प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में 23 मार्च को लैलूंगा तहसील के ग्राम नवीन घटगांव में भूमिस्वामी सादराम नागवंशी (60 वर्ष) द्वारा अपने खसरा नंबर 412, रकबा लगभग 0.397 हेक्टेयर भूमि के करीब 2 डिसमिल हिस्से में अवैध अफीम की खेती किया जाना पाया गया। आरोपी के कब्जे से 6.100 किलोग्राम अफीम के सूखे पत्ते एवं 16.000 किलोग्राम सूखे डंठल जब्त कर थाना लैलूंगा में धारा 8 (बी), 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसी ग्राम में एक अन्य आरोपी अभिमन्यु नागवंशी (20 वर्ष) के घर से 14 किलोग्राम अफीम की सूखी फसल बरामद की गई। टीम के पहुंचने पर आरोपी द्वारा साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे तत्काल विफल करते हुए सामग्री जब्त की गई। आरोपी द्वारा अपने पुश्तैनी भूमि में अफीम की खेती की तैयारी किया जाना स्वीकार किया गया। इस संबंध में धारा 8 (बी), 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है। कार्रवाई की इसी कड़ी में लैलूंगा तहसील के ग्राम मुड़ागांव में आरोपी तानसिंह नागवंशी (32 वर्ष) द्वारा अपने हिस्से की भूमि में अफीम पोस्त की अवैध खेती किया जाना पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि फसल पूर्ण विकसित नहीं होने पर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर प्लास्टिक बोरे में भरकर छिपाया गया था, जिसे नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा था। पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए लगभग 4.00 किलोग्राम अफीम पोस्त जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 8 (बी), 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस प्रकार तीनों कार्रवाई में 61 किलो से अधिक अफीम की जब्ती की गई है। तीनों आरोपियों को लैलूंगा पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।




# अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत 19 वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी नई रोशनी

### रायपुर एम्स में होगा निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

### जिला मुख्यालय से विशेष व्यवस्था के साथ रवाना

**रायगढ़।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिले के 19 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आज रायगढ़ से रायपुर स्थित एम्स के लिए रवाना किया गया।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पांडेय ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से 22 जनवरी को आशा निकेतन वृद्धाश्रम, कौहाकुण्डा रायगढ़ में विशेष जांच एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में डे-केयर सेंटर सियान गुड़ी जतन केंद्र परिसर, आशा निकेतन वृद्धाश्रम तथा आर्य विद्या सभा सलखिया वृद्धाश्रम लैलूंगा सहित आसपास क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विस्तृत जांच के बाद 19 वरिष्ठ नागरिकों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। आज चयनित सभी हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाओं एवं समुचित देखरेख के साथ आशा निकेतन वृद्धाश्रम, कौहाकुण्डा से रायपुर एम्स के लिए रवाना किया गया। उनके साथ 11 केयर टेकर एवं संबंधित नोडल अधिकारी भी मौजूद हैं, ताकि उपचार प्रक्रिया सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। यह पहल ÷मोतियाबिंद मुक्त भारत÷ अभियान को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




### राइस मिल में भीषण आग से मचा हड़कंप, फ़ायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोग आग पर काबू पाने में जुटे

**कवर्धा।** जिले के हरिनछपरा स्थित जनता राइस मिल में आज अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची फ़ायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए है। स्थानीय लोग भी घटना स्थल पर जुटकर आग पर नियंत्रण पाने में मदद कर रहे है। घटना का एक वीडियों भी सामने आया है जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग की वजह का अभी पता नहीं चल सका है और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मौके पर फ़ायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों का प्रयास जारी है और वे आग को पूरी तरह से बुझाने में जुटे हुए हैं। प्रशासन ने भी सुरक्षा के मद्देनज़र आसपास के इलाके को खाली कराने की तैयारी शुरू कर दी है। यह घटना व्यापारिक क्षेत्र और स्थानीय लोगों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है।

# प्रगतिरत निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूर्ण करें-कलेक्टर

### कलेक्टर ने डीएमएफ कार्यों की विभागवार एवं एजेंसीवार समीक्षा की

रायगढ़। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने एजेंसियों एवं संबंधित विभागों से वर्षवार जानकारी लेते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक स्वीकृत, पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि पूर्ण हो चुके कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र तीन दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं, ताकि अभिलेखों का संधारण व्यवस्थित रूप से किया जा सके। कलेक्टर ने पोर्टल में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाण-पत्र समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण एजेंसियां एवं संबंधित विभाग इस कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए लंबित औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करें।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने एजेंसीवार एवं विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूर्ण होना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# सरायपाली में खुले में गिट्टी, बजरी और रेत का परिवहन, नियमों की अनदेखी से लोग परेशान

## एनजीटी नियमों की उड़ रही धज्जियां, स्थानीय प्रशासन, परिवहन विभाग व पुलिस टीम भी मूकदर्शक बनी ?

### एनजीटी नियम क्या कहता है ?

नियमों के अनुसार गिट्टी, बालू, मिट्टी, भूसा और बजरी जैसे पदार्थों को बिना ढंके ले जाना पर्यावरण नियमों का उल्लंघन माना जाता है। वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत खुले में सामग्री ले जाने से धूल प्रदूषण फैलना अपराध की श्रेणी में आता है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अनुसार भी ओवरलोडिंग या असुरक्षित तरीके से माल का परिवहन करना नियमों के खिलाफ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ढीली सामग्री को तिरपाल से ढंककर ले जाना अनिवार्य है। ऐसे मामलों में प्रदूषण फैलाने वाले वाहन मालिकों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में हजारों से लेकर लाखों रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और बार-बार उल्लंघन होने पर वाहनों को जब्त या सीज करने का भी प्रावधान है।

**सरायपाली।** सरायपाली क्षेत्र में खनिज और अन्य निर्माण सामग्री का खुले में परिवहन लगातार जारी है, लेकिन इस पर कार्रवाई लगभग शून्य नजर आ रही है। नगर और आसपास के क्षेत्रों में ट्रक, डंपर और ट्रैक्टरों के माध्यम से गिट्टी, बालू, बजरी, भूसा, फ्लाईऐश और डस्ट को बिना ढंके खुले में ले जाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ आम लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



जानकारी के अनुसार सरायपाली नगर के भीतर और चारों दिशाओं से आने वाले भारी वाहनों में बिना तिरपाल ढंके सामग्री का परिवहन किया जा रहा है। नियमानुसार ऐसे वाहनों में ढीली सामग्री को तिरपाल से ढंककर ले जाना अनिवार्य है, लेकिन अधिकांश स्थानीय वाहनों में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। खुले में सामग्री ले जाने से उड़ने वाले कण पीछे चल रहे राहगीरों और वाहन चालकों की आंखों और मुंह में पहुंच रहे हैं, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। नगरवासियों का कहना है कि रोजाना कई भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। मुख्य मार्गों पर प्रतिदिन गिट्टी और बजरी जैसे खनिज पदार्थों से भरे वाहन खुले में दौड़ते नजर आते हैं। इन वाहनों पर न तो पुलिस, न परिवहन विभाग और न ही खनिज विभाग द्वारा कोई प्रभावी जांच की जा रही है। इसके कारण भारी वाहनों द्वारा मनमाने ढंग से खनिज सामग्री की आपूर्ति लगातार जारी है।

### क्रशर मशीनों से हो रही सामग्री की आपूर्ति पर भी सवाल

बताया जा रहा है कि शिवा ट्रांसपोर्ट की कई अठारह चक्का गाड़ियां सरसीवां की ओर से आकर सरायपाली मार्ग से विशाखापट्टनम की ओर जाती हैं। इन भारी वाहनों के लगातार आवागमन से सड़कें भी काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। पहले जहां चालीस किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग एक घंटे का समय लगता था, वहीं अब यह दूरी तय करने में दो घंटे से भी अधिक समय लग रहा है। ऊपर से सड़कों पर उड़ती धूल ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। सरायपाली क्षेत्र के आसपास कई क्रशर मशीनें भी संचालित हो रही हैं, जहां से सैकड़ों वाहनों में गिट्टी, बजरी, डस्ट और फ्लाईऐश की आपूर्ति की जा रही है। यहां भी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। कई मामलों में डोलोमाइट सामग्री में चूना पत्थर की गिट्टी और बजरी की मिलावट कर ऊंचे दामों पर बिक्री किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं, लेकिन खनिज विभाग द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### धूल और प्रदूषण से लोग परेशान

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई वाहन चालक विभिन्न विभागों के कुछ अधिकारियों को मासिक राशि देकर खुले में परिवहन करने की छूट ले लेते हैं। पुलिस कभी-कभार जांच चौकी लगाकर छोटे और चार पहिया वाहनों की जांच करती है, लेकिन बड़े ट्रकों और डंपरों की जांच शायद ही कभी होती है। इसी तरह बैतारी स्थित तेल मिल से निकलने वाले डस्ट को ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों से ले जाया जाता है। इन वाहनों में ओवरलोड सामग्री भरी जाती है और तिरपाल से ढंकने की व्यवस्था भी नहीं की जाती। इसके कारण सड़क पर धूल उड़ती रहती है और पीछे चलने वाले लोगों की आंखों में डस्ट जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। नगर और आसपास के क्षेत्रों में भवन निर्माण और अन्य निर्माण कार्य बड़ी संख्या में चल रहे हैं। इन निर्माण कार्यों के लिए सामग्री भी खुले वाहनों से ही लाई जा रही है। सैकड़ों वाहनों में निर्माण सामग्री बिना ढंके परिवहन की जा रही है, जिससे प्रदूषण और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

# सरिया पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध लगातार बड़ी कार्यवाही

## 25 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**सारंगढ़।** पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेये,अति0 पुलिस अधीक्षक श्रीमती निमीषा पाण्डेय एवं डीएसपी सुश्री संतोषी ग्रेस के द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम हेतु लगातार निर्देशित किये जाने पर थाना प्रभारी प्रमोद यादव के कुशल मार्ग दर्शन में थाना सरिया पुलिस के द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।



विवरण इस प्रकार है कि अप0क्र0 62/2026 धारा-34(2)59(क) आबकारी एक्ट में दिनांक-23.03.2026 को दौरान पेट्रोलिंग मुखबिर से,बिक्री हेतु अवैध शराब छिपाकर रखे जाने की सूचना पर घटना स्थल ग्राम साल्हे ओना, दादरपाली रोड में मुखबिर के बताए स्थान बरगद पेड़ पास हमराह स्टाफ एवं गवाहन के जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जिसमे एक व्यक्ति से बरगद पेड़ पास छिपाकर रखे काले रंग की बैग में 15 लीटर तथा सफेद प्लास्टिक थैला में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 25 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुआ। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम राजेंद्र यादव पिता रोहित यादव उम्र 20 वर्ष सा साल्हेओना थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से बरामद 25 लीटर कच्ची महुआ शराब को हमराह स्टाफ एवं गवाहान के जप्त किया जाकर आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रमोद यादव प्रधान आर. टीकाराम पटेल, आरक्षक- नरेंद्र चंद्रा, श्रवण टंडन एवं समस्त थाना स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही।

## समस्त निर्माण विभाग और एजेंसी को रायल्टी चुकाने और जमा होने के बाद ही ठेकेदारों के बिल भुगतान के निर्देश

## कलेक्टर ने संयुक्त टीम को लीज धारकों का खदान जॉच करने के निर्देश दिए, अनुपस्थित पट्टेदारों को कारण बताओ पत्र जारी

# कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने ली खनिज विभाग की समीक्षा बैठक





**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सारंगढ़ में खनिज विभाग के कार्यो का समीक्षा किया। बैठक में जिले के स्वीकृत खदान के प्रमुख पट्टेधारी अधिमानी बोलीदार, रेत एवं निर्माण विभाग और एजेंसी के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अनुपस्थित पट्टेदारों को कलेक्टर ने कारण बताओ पत्र जारी किये जाने निर्देशित किया। साथ ही राजस्व एवं खनिज की संयुक्त टीम को लीज धारकों का खदान जॉच करने निर्देशित किया।

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिले में स्वीकृत गौण खनिज चूना पत्थर, डोलोमाईट के उत्खनी पट्टेधारियों को स्वीकृत पर्यावरण सम्मति एवं अनुमोदित माईनिंग प्लान के मात्रा अनुसार, जो भी कम हो का रायल्टी 07 दिवस के भीतर शत प्रतिशत जमा करने एवं अग्रिम लक्ष्य की पूर्ति हेतु अग्रिम रायल्टी जमा किया जाने निर्देशित किया। उन्होंने जिले के स्वीकृत नवीन रेत घाटों को शीघ्र प्रारंभ करने पर्यावरण स्वीकृति एवं कार्यालयीन कार्यो को पूर्ण कराने निर्देशित करते हुए रेत घाटों में हो रहे अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण को रोक लगाने आदेशित किया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने टिमरलगा एवं गुड़ेली क्षेत्र में स्थापित क्रेशरों क्षेत्रों जैसे जिले के स्वीकृत भण्डारण, क्रशरों को बड़े प्लांट के तर्ज पर बाउण्ड्रीवाल कराने और पौधा रोपण करने निर्देशित किया, जिससे क्रेशर से उड़ने वाले धूल कम हो सके। जिले के समस्त निर्माण, विभाग और एजेंसी जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपादित, प्रगतिरत सभी शासकीय निर्माण कार्यो में उपयोग किए खनिज की मात्रा एवं ठेकेदारों के द्वारा चल देयकों से काटकर रखी गई खनिज देय राशि 31 मार्च 2026 के पूर्व जमा कराने के लिए कलेक्टर ने सभी निर्माण अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही समस्त विभागों को रायल्टी चुकाने के निर्देश दिए और रायल्टी जमा होने के बाद ही ठेकेदारों को अंतिम भुगतान किये जाने निर्देशित किया।

बैठक में जानकारी दी गई कि, वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले हेतु खनिज राजस्व से कुल 3550 लाख का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्राप्त लक्ष्य के विरूध्द अब तक लगभग राशि 2300 लाख ही राजस्व वसूली हो पाया है, जो निर्धारित लक्ष्य का केवल 64.78 प्रतिशत है। जिले के स्वीकृत गौण खनिज चूनापत्थर, डोलोमाईट के खदानों जिनकी पर्यावरण सहमति एवं अनुमोदित माईनिंग प्लान के मात्रा अनुसार जो भी कम हो, में मात्रा निकासी हेतु शेष है। उल्लेखनीय है कि, सचिव खनिज साधन विभाग ने विगत सप्ताह में वीसी बैठक लेकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति, रेत खदानों में हो रहे अवैध उत्खनन और निर्माण विभाग, एजेंसी द्वारा शासकीय निर्माण कार्यों में उपयोग किए जा रहे खनिज की मात्रा एवं ठेकेदारों के चल देयकों से काटकर रखी गई खनिज की देय राशि जमा कराने संबंधी निर्देश दिए।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. इन विद्यालयों में राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गहन तैयारी और निःशुल्क आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है।



इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश के लिए अपना ऑनलाइन आवेदन आगामी 17 अप्रैल 2026 तक रात्रि 12:00 बजे तक विभागीय पोर्टल पर जमा कर सकते हैं. आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार के लिए 18 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है. विभाग द्वारा जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 के मध्य किया जाएगा. प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्राक्रयन परीक्षा के लिए विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र 01 मई से 09 मई 2026 तक डाउनलोड कर सकेंगे. इस सत्र के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा. आवेदक अपनी पात्रता और आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी अपने जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से भी संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

# दल से अलग रहने वाले वृद्ध हाथी बबलू ने बम्हनदाई पहाड़ के नवापारा में दी दबिश

**सारंगढ़।** सारंगढ़ क्षेत्र के गोमर्डा जंगल मे विचरण कर रहे बृद्ध हाथी जिसका नाम वन अमले ने बबलू रखा है यह बबलू हाथी दिनांक 23/3/2026 को रात्रि बारह बजे से देर रात्रि तीन बजे तक सारंगढ़ नगर के समीप स्थित बम्हनदाई पहाड़ के नीचे बसे नवापारा के खेतो मे लगी गेहूं के फसल को नुकसान पहुंचाया।नवापारा के निवासियो ने बृद्ध हाथी बबलू के नवापारा मे दस्तक की जानकारी वन विभाग को दी तो वन विभाग की टीम ने बबलू हाथी को भगाने की कवायद रात्रि तीन बजे तक किया उल्लेखनीय हो कि सारंगढ़ अंचल के गोमर्डा वन अभ्यारण्य क्षेत्र में इन दिनो 15...16..हाथीयो का दल विचरण कर रही है जिनमे से बबलू हाथी बृद्ध है और अन्य हाथीयो के दल से अलग रहकर विचरण करता है आज रात्रि मे यह बबलू हाथी नवापारा मे कई घंटा बीताने के बाद बोरीद डेम की जंगल के तरफ रूख किया इसके बाद नवापारा के निवासियो ने चैन की सांस ली।वन विभाग के करिंदे बबलू हाथी पर निगरानी रखे हुए हैं।



# रायगढ़ में ऑनलाइन सट्टा पर बैक टू बैक कार्रवाई

## धरमजयगढ़ व कोतवाली क्षेत्र से 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ एवं कोतवाली पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

धरमजयगढ़ पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि मस्जिदपारा के पीछे रहने वाला विरेन्द्र मिश्रा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से व्हाट्सएप पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सीताराम ध्रुव के नेतृत्व में टीम द्वारा दबिश दी गई, जहां आरोपी 'विरेन्द्र मिश्रा (36 वर्ष)' पिता टिकादत्त मिश्रा निवासी मस्जिदपारा, थाना धरमजयगढ़ को मोबाइल में सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। जांच में उसके मोबाइल पर विभिन्न व्यक्तियों से अंकों एवं रकम का लेन-देन पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल एवं फोन पे के माध्यम से सट्टा खिलाना स्वीकार किया। आरोपी से 01 नग मोबाइल फोन एवं ?870 नगद जब्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



वहीं कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ढिमरापुर पुरानी बस्ती निवासी श्यामलाल भास्कर अपने मोबाइल के माध्यम से सट्टा पट्टी नामक जुआ संचालित कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी श्यामलाल भास्कर (55 वर्ष) पिता राम प्रसाद भास्कर को मोबाइल में व्हाट्सएप के जरिए सट्टा संचालित करते पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने सहनावाज मालिक उर्फ सानु के माध्यम से सट्टा संचालित करना एवं कमीशन प्राप्त करना स्वीकार किया। आरोपी से एक मोबाइल फोन, 1750 नगद एवं सट्टा पट्टी लिखित कागज जब्ती की गई है। थाना कोतवाली आरोपी श्यामलाल भास्कर और सहनावाज मालिक उर्फ सानु के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6(क), 7(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार आरोपी श्यामलाल भास्कर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी सहनावाज मालिक उर्फ सानु फरार है।







स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अमितेश केशरवानी द्वारा पूर्णिमा ट्रेडर्स, बोंदाटिकरा रोड गढ़उमरिया जिला-रायगढ़ (छ.ग.) से मुद्रित एवं जयस्तंभ चौक जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) से प्रकाशित।
संपादक अमितेश केशरवानी मोबाईल नं.- 9425575278, 7000980300 Email - sarangarhtimes@gmail.com